वर्ष : 17 अंक: 83 | आगरा | रविवार 06 जुलाई 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

# ग्वालियर-चंबल क्षेत्र बनेगा विकास का नया केंद्र : मुख्यमंत्री

### अब बीहड़ की बिजली से जगमगायेंगे मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश

### ग्वालियर में 77 करोड़ से निर्मित आईएसबीटी और 112 करोड़ से बने 132 केवी सब स्टेशन सहित फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए खेल कॉम्पलेक्स का भी हुआ लोकार्पण

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर को दी 265.56 करोड़ लागत के विकास कार्यों की सौगात





**ग्वालियर,नसं.।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। हम सबके जीवन में उजाला लाने के लिए कटिबद्ध हैं। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र शीघ्र ही राज्य का सबसे विकसित क्षेत्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय किसानों से अपील की कि वे अपनी जमीन बेचने की कतई न सोंचे, क्योंकि इस क्षेत्र में शीघ्र ही रोजगार के नए अवसर और विकास की नई धाराएं बहने वाली हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को ग्वालियर के आईएसबीटी परिसर में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां 265.56 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को मंच से हितलाभ भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नदियों को जोड़ने का अभियान चल रहा है। केंद्र सरकार की मदद से यहां पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदियों को आपस में जोड़ने की राष्ट्रीय नदी लिंक परियोजना पर करीब 70 हजार करोड़ रुपये की लागत से काम किया जा रहा है। साथ ही केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी लिंक परियोजना से भी ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के किसानों को व्यापक स्तर पर लाभ मिलने वाला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस क्षेत्र के बीहड़ों को अब बेहतर तरीके से विकसित किया जा रहा है। यहां के बीहड़ों में जल्द ही केंद्र सरकार के सहयोग से 2000 मेगावाट क्षमता का एक बड़ा सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। यह मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की संयुक्त परियोजना होगी। इस परियोजना से दोनों ही प्रदेशों को ऊर्जा आपूर्ति होगी। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश 6-6 माह बराबरी से इस परियोजना से उत्पादित बिजली का उपभोग करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि आगरा से ग्वालियर के बीच बन रहे नये सिक्स-लेन नेशनल हाई-वे के चलते बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने इस क्षेत्र में बड़ा निवेश करने में अपनी रुचि दिखाई है। इससे यहां तेजी से औद्योगिक विकास होगा और इस क्षेत्र का कायाकल्प भी सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर के गौरवशाली अतीत का स्मरण करते हुए कहा कि यह भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मभूमि और राजमाता विजयाराजे सिंधिया की कर्मभूमि रही है। प्रदेश की धरती से भारत के विकास का दीपक अटलजी के रूप में प्रज्ज्वलित हुआ था। भारत मानवता के लिए जीता है। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने तीन-तीन देशों से लड़ाई लड़ी। सर्जिकल स्टाइक में पाकिस्तान को माकूल जवाब देने के लिए हमारे सुखोई विमान ग्वालियर से ही उड़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण के लिए सरकार ने शुक्रवार को ही 94 हजार से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए राशि दी है। उन्होंने ग्वालियर की जनता को बधाई देते हुए कहा कि वाकई यहां अतिभव्य आईएसबीटी लोकार्पित हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर का हजीरा अस्पताल प्रदेश में नंबर-1 आया है। चंबल के नौजवान हमारी सेना की ताकत बढ़ा रहे हैं। ग्वालियर में 6 लेन हाई-वे का निर्माण प्रारंभ होने से आगरा के बड़े व्यापारी अपने उद्योग-धंधे स्थापित करने के लिए ग्वालियर आ रहे हैं। ग्वालियर के विकास की बात पर हम सबके साथ हैं, जो भी मांगा है, उसे क्रमबद्ध रूप से पूरा किया जाएगा। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर राज्य विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी विश्व पटल पर भारत के गौरव को प्रतिस्थापित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिन-रात एक कर प्रदेश की जनता के लिए औद्योगिक क्रांति की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव शगुन का लिफाफा लेकर ग्वालियर आए हैं। हमारी मांग थी कि ग्वालियर-चंबल संभाग में डॉ. अंबेडकर धाम की स्थापना हो, जो बाबा साहेब की विचारधारा का मंथन केंद्र बने। उन्होंने बताया कि ग्वालियर जिले के डबरा के जौरासी गांव में 8 करोड़ रुपए की लागत से डॉ. अंबेडकर धाम बन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज इसी अंबेडकर धाम के विकास के दूसरे चरण में 50 हजार वर्गफीट भूमि में एक भव्य इमारत चौरासी गांव में ही बनाने की मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बन रहे सांदिपनि विद्यालयों में निजी स्कूलों के जैसी शिक्षा बच्चों को मिलेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा आगरा से ग्वालियर तक 5000 करोड़ रुपए लागत से नये 6 लेन हाई-वे की सौगात दी गई है। इस 6 लेन हाई-वे के बनने पर सिर्फ 45 मिनट में आगरा से ग्वालियर पहुंचा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि ग्वालियर में वेस्टर्न हाई-वे बन रहा है। केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से ग्वालियर क्षेत्र में करीब 12 हजार करोड़ रुपए की लागत वाले विभिन्न विकास कार्य हो रहे हैं। सांसद ग्वालियर श्री भारत सिंह कुशवाहा ने कहा कि जिसकी नीयत और नीति नेक होती है, वही देश ओर प्रदेश को आगे ले जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। देश को कर्मठ प्रधानमंत्री और प्रदेश को कर्मनिष्ठ मुख्यमंत्री मिले हैं। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का भव्य स्मारक बन रहा है।

### 20 साल बाद ठाकरे परिवार एक साथ

# उद्धव बोले- मराठी ने दूरियां खत्म कीं
# राज बोले- फडणवीस ने वो किया जो बालासाहेब नहीं कर पाए

**मुंबई (ए.)।**



महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर जारी विवाद के बीच उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी एकता पर शनिवार को मुंबई के वर्ली डोम में रैली की। इस मौके पर दोनों की तरफ से आगे साथ मिलकर राजनीति करने के संकेत दिए गए। राज ठाकरे ने कहा, मैंने अपने इंटरव्यू में कहा था कि झगड़े से बड़ा महाराष्ट्र है। 20 साल बाद हम एक मंच पर आए हैं आपको दिख रहे हैं। हमारे लिए सिर्फ महाराष्ट्र और मराठी एजेंडा है, कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं है। उद्धव और राज 20 साल बाद एक मंच पर नजर आए। इससे पहले 2006 में बाला साहेब ठाकरे की रैली में साथ दिखे थे। उद्धव को शिवसेना का मुखिया बनाने के बाद राज ने अलग पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) बनाई थी। तब दोनों के रिश्ते अच्छे नहीं थे।

### उद्धव बोले- हमें शपथ लेनी होगी कि हमेशा साथ रहेंगे

उद्धव ने कहा कि हम दोनों ने इसका अनुभव किया है कि किस प्रकार हमारा इस्तेमाल करके फेंक दिया जाता है, आज हम दोनों साथ हैं। आज हम एक हुए हैं, लेकिन दोबारा ये झगड़ा लगाने की कोशिश करेंगे ये उनकी आदत है। उन्होंने कहा, जिस महाराष्ट्र में हम रहते हैं, जहां हमारा जन्म हुआ इसे तोड़ने की कोशिश करेंगे तो ऐसा हम नहीं करने देंगे। आज हमें शपथ लेनी चाहिए हम दोनों एक साथ ही रहेंगे। इसकी शुरुआत आज से हुई है।

**1989 से राजनीति में सक्रिय हैं**

राज ठाकरे 1989 में राज ठाकरे 21 साल की उम्र में शिवसेना की स्टूडेंट विंग, भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष थे। राज इतने सक्रिय थे कि 1989 से लेकर 1995 तक 6 साल के भीतर उन्होंने महाराष्ट्र के कोने-कोने के अनगिनत दौरे कर डाले। 1993 तक उन्होंने लाखों की तादाद में युवा अपने और शिवसेना के साथ जोड़ लिए। इसका नतीजा ये हुआ कि पूरे राज्य में शिवसेना का तगड़ा जमीनी नेटवर्क खड़ा हो गया।

# अमरनाथ यात्रा- चंदरकोट में काफिले की बसें टकराईं, 36 घायल

### पहलगाम रूट पर हादसा, बस के ब्रेक फेल हुए थे; अबतक 30 हजार दर्शन कर चुके



**श्रीनगर (ए.)।**

अमरनाथ यात्रियों को लेकर जा रहे काफिले की चार बसों में टक्कर हो गई। रामबन जिले में चंदरकोट लंगर के पास हुए हादसे में करीब 36 यात्री घायल हो गए हैं। हादसा तब हुआ, जब ब्रेक फेल होने के कारण एक बस का ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा। इससे काफिले में शामिल तीन और बसें आपस में टकरा गईं। खबर मिलते ही रेस्क्यू टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और घायल तीर्थयात्रियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रामबन ले जाया गया है। बाकी यात्रियों को दूसरी गाड़ियों से पहलगाम के लिए रवाना किया गया है।

इससे पहले भारी बारिश के बावजूद 6,900 से तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शनिवार को भगवती नगर बेस कैंप से रवाना हुआ है। इस जत्थे में 5196 पुरुष, 1427 महिलाएं, 24 बच्चे, 331 साधु और साध्वी तथा एक ट्रांसजेंडर शामिल है।

यात्रा शुरू होने के दूसरे दिन शुक्रवार शाम 7 बजे तक 26,000 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन कर लिए थे। यह संख्या बढ़कर 30 हजार हो गई है। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी।

38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूट से जारी है। समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे। अबतक 3.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए जम्मू में सरस्वती धाम, वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में सेंटर खोले गए हैं।

# तेलंगाना फैक्ट्री धमाका- मरने वालों का आंकड़ा 40, 9 लापता, 19 का इलाज जारी

### घटना वाले दिन फैक्ट्री से 31 शव बरामद हुए थे

**हैदराबाद (ए.)।**





तेलंगाना की फॉर्मा फैक्ट्री धमाके में मरने वालों का आंकड़ा शनिवार को 39 से बढ़कर 40 हो गया। जिले के एडिश्नल कलेक्टर चंद्रशेखर बड्डुगु ने बताया कि आज सुबह एक और घायल मजदूर की मौत हो गई। अब 19 घायलों का इलाज चल रहा है, जबकि नौ लोगों की तलाश जारी है। हादसा 30 जून को पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ था। घटना के दौरान फैक्ट्री में 150 लोग थे, जहां ब्लास्ट हुआ वहां 90 लोग मौजूद थे। उस दिन रेस्क्यू और मेडिकल टीम ने 31 शव बरामद किए थे। रिएक्टर में तेजी से केमिकल रिएक्शन होने से ब्लास्ट की आशंका जताई गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने PM नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को ?2 लाख और घायलों को ?50 हजार की मदद की घोषणा की थी। वहीं, कंपनी ने मृतकों के परिजन को 1 करोड़ रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 10 लाख रुपए और अन्य घायलों को 5 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा की थी।

### पुजारी ने मंदिर में दो बच्चियों के साथ किया दुष्कर्म

**छतरपुर (ए.)।**

छतरपुर में 60 वर्षीय पुजारी पर मंदिर में दो बच्चियों से दुष्कर्म करने का आरोप है। बच्चियों के परिजन जब मंदिर पहुंचे तो पुजारी ने त्रिशूल से हमला करने की कोशिश की। लोगों ने उसे पीट दिया। शुक्रवार देर रात परिजन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पॉक्सो का केस आरोपी पुजारी को हिरासत में ले लिया है। घटना गढ़ीमलहरा की है।

# कमल हासन पर कन्नड़ भाषा-संस्कृति के खिलाफ बोलने पर रोक:बेंगलुरु की सिविल कोर्ट का आदेश



**बेंगलुरु(ए.)।**

बेंगलुरु की एक सिविल कोर्ट ने एक्टर कमल हासन को कन्नड़ भाषा और संस्कृति के खिलाफ कोई भी टिप्पणी करने से रोक दिया है। कन्नड़ साहित्य परिषद ने कोर्ट में एक्टर के खिलाफ याचिका दायर की थी। शुक्रवार को दिए गए आदेश में अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई तक कमल हासन कोई भी ऐसा बयान न दें जो कन्नड़ भाषा, साहित्य, संस्कृति या भूमि को आहत करे या बदनाम करे। मामले की अगली सुनवाई 30 अगस्त को होगी। इससे पहले 18 जून को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हासन को माफी मांगने की जरूरत नहीं है। वहीं, मामले में स्ट ने माफी मांगने का आदेश देने पर कर्नाटक हाईकोर्ट को फटकार भी लगाई थी। स्ट एक्टर की फिल्म कर्नाटक में रिलीज न करने से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

### मध्य प्रदेश के 20 शहरों में भारी बारिश

# काशी में मणिकर्णिका घाट डूबा, छत पर अंतिम संस्कार; हिमाचल में अब तक 69 मौत

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ (ए.)।**






20 शहरों में शुक्रवार को भारी बारिश हुई। मंडला, सिवनी और बालाघाट जिलों में रेड अलर्ट रहा। जबलपुर में गैस सिलेंडर वाला ट्रक पानी में डूब गया। मंडला में बाढ़ की स्थिति है। टीकमगढ़ में 24 घंटे में 6 इंच पानी गिरा है। यूपी में काशी के महाश्मशान मणिकर्णिका घाट के ज्यादातर शवदाह वाले प्लेटफार्म गंगा नदी में डूब गए हैं। शवों का अंतिम संस्कार घाट की छत पर करना पड़ रहा है। आसपास के छोटे मंदिर भी जलमग्न हो चुके हैं। राजस्थान में 1 जून से अब तक 167.1 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 137% ज्यादा है। वहीं, लगातार मानसून एक्टिव होने से अब एक भी जिला सूखा नहीं है। जबकि पिछली जुलाई के पहले हफ्ते तक 14 जिले सूखे की चपेट में थे। हिमाचल प्रदेश में लगातार बारिश तबाही मचा रही है। उफनती नदियों से 14 पुल बह गए हैं। प्रदेश की 500 सड़कें पूरी तरह से बंद हैं। कांगड़ा, मंडी, चंबा और शिमला जिलों में भारी बारिश के चलते बाढ़ और लैंडस्लाइड से 69 लोगों की जान चली गई। सबसे बुरी स्थिति मंडी जिले में है, जहां 17 लोग मारे गए और 40 अभी भी लापता हैं। उत्तरप्रदेश में भी तेज बारिश जारी है। वाराणसी का रत्नेश्वर महादेव मंदिर गंगा में आधा से ज्यादा डूब गया। इसके अलावा पंडा-पुरोहितों की 300 से ज्यादा चौकियां डूब गईं। यहां गंगा का जलस्तर 4 दिन में 15 फीट तक बढ़ा है। शुक्रवार रात 11 बजे तक गंगा का जलस्तर 62.63 मीटर दर्ज किया गया। खतरे का निशान 71.262 है।

# किसानों को संचारी रोगों से बचाव के लिए आयोजित हुआ जागरुकता अभियान

## कृषक अपनी कृषि रक्षा संबंधी समस्याओं का समाधान पाने के लिए अपनी समस्या का फोटो व विवरण व्हाट्सएप करें



**अलीगढ़।** विशेष संचारी नियंत्रण अभियान के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा ग्राम कैथवारी, विकास खंड लोधा में कृषक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के एडीओ कृषि रक्षा खरग सिंह ने किसानों को चूहा, छछूंदर और मच्छरों से होने वाले नुकसान और उनसे संचरित रोगों के बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खेतों और आवासीय क्षेत्रों की नियमित साफ-सफाई, चूहों के प्राकृतिक शत्रु जैसे बिल्ली, उल्लू और सांप का संरक्षण, सुरक्षित भंडारण, चूहेदानी का प्रयोग व विषाक्त चारे (ब्रोमोडियोलॉन अथवा जिंक फास्फाइड मिश्रण) के उपयोग से चूहों-छछूंदरों को नियंत्रित किया जा सकता है। श्री सिंह ने खरीफ फसलों धान, मक्का, ज्वार, बाजरा की बुवाई से पूर्व भूमि एवं बीज शोधन की आवश्यकता पर जोर देते हुए बताया कि किसान भाई 2 से 2.5 कि.ग्रा. ट्राईकोडरमा फफूंदनाशक को गोबर की सड़ी खाद में मिलाकर खेत तैयार करते समय डालें और बीज उपचार में प्रति किलो बीज 4 ग्राम ट्राईकोडरमा या 2 ग्राम कार्बेन्डाजिम/2.5-3 ग्राम थीरम का उपयोग अवश्य करें, जिससे बीज व भूमि जनित बीमारियों से फसल सुरक्षित रह सके। उन्होंने बताया कि कृषक अपनी कृषि रक्षा संबंधी समस्याओं का समाधान पाने के लिए अपनी समस्या का फोटो अथवा विवरण व्हाट्सएप नंबर 9452247111 व 9452257111 पर भेज सकते हैं, जिनका समाधान 2 दिन के भीतर उपलब्ध कराया जाएगा।

# वृक्षारोपण से संवरेगा पर्यावरणः मंडलायुक्त ने बरहद में किया वृहद पौधारोपण, कुपोषण निवारण से जोड़ा अभियान

## कुपोषित बच्चों की माताओं को वितरित किए सहजन के पौधे



**अलीगढ़।** अलीगढ़ मंडल की आयुक्त श्रीमती संगीता सिंह ने ब्लॉक अकराबाद के ग्राम पंचायत बरहद में विशाल वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ करते हुए लगभग 16 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले तालाब के चारों ओर बांस, अर्जुन और जामुन के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश दिया। आयुक्त संगीता सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ दाऊजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर मंदिर प्रांगण में कदंब के पौधे लगाकर किया। इसके साथ ही हरिशंकरी साइट पर पीपल, बरगद और पिलखन के पौधों का रोपण कर जल, जंगल और जमीन के संरक्षण का आह्वान किया। मंडलायुक्त ने कहा कि तालाबों और उनके आसपास वृक्षारोपण करने से जलस्तर में सुधार के साथ पर्यावरण को शुद्ध करने में मदद मिलती है। इस अवसर पर कुपोषित बच्चों की माताओं को सहजन के पौधे वितरित किए गए। आयुक्त ने माताओं से आग्रह किया कि सहजन लगाकर वे अपने बच्चों और स्वयं अपने लिए भी पोषण का स्थायी स्रोत तैयार करें और समाज में कुपोषण को जड़ से समाप्त करने में योगदान दें। कार्यक्रम में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, डीएफओ नवीन प्रकाश शाक्य, संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव, उपायुक्त मनरेगा अरून सक्सेना, जिला कार्यक्रम अधिकारी के0के0 राय, बीडीओ अकराबाद सुरेश चन्द्र गुप्ता सहित कई विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं के स्वयं सहायता समूह और मनरेगा श्रमिकों ने मिलकर तालाब के चारों ओर पौधारोपण कर कार्यक्रम को वृहद रूप प्रदान किया। मनरेगा योजना के अंतर्गत 'जल-जंगल-जमीन' के संरक्षण के सिद्धांत के अनुरूप किए गए इस वृक्षारोपण से बरहद क्षेत्र में पर्यावरण सहेजने के साथ ही ग्रामीण आजीविका को भी मजबूती मिलेगी। इस अभियान के माध्यम से वनों के महत्व और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम संजीव रंजन ने दिए स्पष्ट निर्देशः शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण प्राथमिकता

## विधायक कोल एवं छर्रा ने भी सुनी जन समस्याएं



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को कोल तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएम ने अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की गहन समीक्षा कर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही कई मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षकों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने-अपने हल्कों में लेखपालों का क्षेत्रीय भ्रमण सुनिश्चित कराएं ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का समय रहते समाधान किया जा सके। उन्होंने लेखपालों को सप्ताह में कम से कम एक दिन ग्राम पंचायत सचिवालय पर बैठकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनने और निस्तारित करने के निर्देश भी दिए। लेखपालों को ग्राम सचिवालय पर अपनी उपस्थिति का दिवस और दिनांक अंकित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और हर अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का समाधान प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। डीएम श्री रंजन ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण जांच कर निर्धारित समयावधि में तथ्यात्मक आख्या उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर ही शिकायत के निस्तारण की ग्रेडिंग तय की जाएगी, ताकि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जनता दर्शन अथवा समाधान दिवस में प्राप्त हर शिकायत का निस्तारण नियमानुसार और निष्पक्षता के साथ किया जाए, ताकि लोगों में शासन और प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हो। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। समाधान दिवस के दौरान कई विभागीय अधिकारियों ने शिकायतों के समाधान के लिए मौके पर ही कार्रवाई शुरू कर दी, जिससे शिकायतकर्ताओं ने संतोष व्यक्त किया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान मा0 क्षेत्रीय विधायक कोल श्री अनिल पाराशर एवं मा0 छर्रा विधायक ठा0 रवेंद्र पाल सिंह द्वारा भी शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया।

इस अवसर पर एसएसपी संजीव सुमन, सीएमओ डॉ0 नीरज त्यागी, पीडी भाल चन्द त्रिपाठी, डीडीओ आलोक आर्या, सीवीओ डॉ दिवाकर त्रिपाठी, एसडीएम कोल महिमा राजपूत, पुलिस क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार समेत विभिन्न विभागों से जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदीप चौहान ने सहायक निदेशक सूचना से की शिष्टाचार भेंट

## एडी सूचना संदीप कुमार ने संगठन के माध्यम से शासकीय योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का किया आव्हान



**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीरियल सर्विस एसोसिएशन के प्रान्तीय एवं जिलाअध्यक्ष प्रदीप चौहान ने शनिवार को सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनसे शिष्टाचार भेंट की। एडी सूचना संदीप कुमार ने प्रदीप चौहान को नियुक्ति पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि एसोसिएशन अपने संगठन के माध्यम से शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करे ताकि कार्मिकों के साथ ही आमजनमानस को भी लाभ प्राप्त हो सके। प्रदीप चौहान ने एडी सूचना संदीप कुमार से हुई भेंट वार्ता को सार्थक बताते हुए कहा कि एसोसिएशन के कार्यों को आगे बढ़ाने में विभागीय अधिकारियों का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण साबित होगा और वह कार्मिकों के हितों के लिए कार्य करते हुए सदैव उनके साथ खड़े रहेंगे।

**नई रणनीति से बढ़ रही कांग्रेस**

# राज बब्बर बोले- संप्रदायवाद को बढ़ावा देने वालों को सत्ता से बेदखल करेगी जनता

**लखनऊ।** लखनऊ पहुंचे राज बब्बर ने कहा कि कांग्रेस नई रणनीति से आगे बढ़ रही है। यूपी में कावड़ यात्रा के नाम पर दुकानदारों का उत्पीड़न किया जा रहा है। संप्रदायवाद को बढ़ावा देने वालों को जनता सत्ता से बेदखल करेगी। राजधानी लखनऊ स्थित कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राज बब्बर पहुंचे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नई रणनीति के तहत आगे बढ़ रही है। उम्मीद है पार्टी जनता को जोड़ने में सफल होगी। तानाशाह और संप्रदायवाद को बढ़ावा देने वालों को सत्ता से बेदखल करेगी। उन्होंने आगे कहा कि शपथ ग्रहण समारोह के जरिए कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। यह ऊर्जा कांग्रेस पार्टी को जन समर्थन दिलाएगा। जन समर्थन के जरिए भाजपा का सफाया होगा।

कांग्रेस हमेशा सर्व समाज की बात करती रही है। पार्टी को जोड़ने में भरोसा है, इसलिए वह तोड़ने वालों को सबक सिखाएगी। राज बब्बर ने कहा कि उत्तर प्रदेश में फिर से कांग्रेस का प्रथम लहराने के लिए आज से ही संकल्प लेना होगा। समारोह में शपथ लेने वाले हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी बढ़ गई है। कावड़ यात्रा के नाम पर दुकानदारों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि दुकानों पर नाम लिखवाने की याद सिर्फ धार्मिक आयोजन के दौरान ही क्यों याद आते हैं। जबकि, कावड़ यात्रा वर्षों साल से चलती आ रही है। सभी समाज के लोग खुले मन से इसका स्वागत करते हैं।

# मुहर्रम का मुख्य जुलूस कल, बदली रहेगी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था; इन 18 रास्तों पर रहेगा डायवर्जन



**लखनऊ।** मुहर्रम का मुख्य जुलूस रविवार को पुराने लखनऊ के विभिन्न मार्गों से निकलेगा। इसको देखते हुए शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बदली रहेगी। रविवार को 10वीं मोहर्रम पर सुबह 10 बजे से पुराने लखनऊ में जुलूस निकाला जाएगा। नाजिमसाहब इमामबाडा थाना चौक से शुरू होकर मेफेयर तिराहा अकबरी गेट, बिल्लौचपुरा, बुलाकी अड्डा, बाजारखाला होते हुए 2.30 बजे तालकटोरा के कर्बला में पूरा होगा। लिहाजा ट्रैफिक पुलिस ने शहर के 18 मार्गों पर डायवर्जन लागू किया है। यह डायवर्जन पुराने लखनऊ के 11 मार्गों पर सुबह 7 बजे से ही लागू रहेगा। ऐसे में

1- टूड़ियागंज तिराहा से कोई भी वाहन नक्खास या लाल माधव (हैदरगंज) तिराहे की ओर नही जाएगा। सभी वाहन गिरधारी सिंह इंटर कालेज, सआदतगंज होकर जाएंगे।

2. कमला नेहरू क्रांसिग चौराहा से नक्खास, टूड़ियागंज तिराहे की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। यह वाहन मेडिकल कालेज, चौक होकर जाएंगे।

3. रकाबगंज पुल चौराहा से नक्खास की ओर की बजाय मेडिकल कालेज या नाका की ओर होकर वाहन जाएंगे।

4. नक्खास तिराहे से टूड़ियागंज की ओर कोई भी वाहन नही जा सकेगा। यह वाहन रकाबगंज पुल होकर जाएगा।

5. हैदरगंज तिराहा से नक्खास या बुलाकी अड्डा तिराहे की ओर जाने वाले वाहन ऐशबाग होकर जाएंगे।

6. बुलाकी अड्डा तिराहे से कोई भी यातायात हैदरगंज या मिल एरिया तिराहे की ओर नही जा सकेगा। यह वाहन टिकैत राय तालाब, राजाजीपुरम होकर जाएंगे।

7. मिल एरिया तिराहे से कोई भी यातायात बुलाकी अड्डा या एवरेडी तिराहे की ओर नही जा सकेगा। यह यातायात राजाजीपुरम होकर जाएगा।

8. एवरेडी तिराहे से मिल एरिया या रणजीत सिंह बिल्डिंग की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। यह वाहन भूसामंडी, मवैया, आलमबाग होकर जाएंगे।

9. रणजीत सिंह बिल्डिंग (बालाजी मन्दिर) तिराहे से कोई भी वाहन एवरेडी या विक्रम काटन मिल, कर्बला ताल कटोरा की ओर नहीं जा सकेगा। यह वाहन भरतपुरी रोड, राजाजीपुरम होकर जाएंगे।

# पूर्वोत्तर रेलवे में आठ जुलाई से 8 घंटे पहले बनेगा रिजर्वेशन चार्ट

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे में आठ जुलाई से आठ घंटे पहले रिजर्वेशन का चार्ट बन जाएगा। इस बाबत आदेश जारी कर दिए गए हैं। आठ जुलाई से ट्रेनों का रिजवेशन चाटे आठ घंटे पहले बनाया जाएगा। इस बाबत आदेश जारी कर दिए गए हैं। पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय सहित लखनऊ, इज्जतनगर व वाराणसी मंडल में इसे लागू किया जा रहा है। इस बाबत मुख्य वाणिज्य प्रबंधक की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। इसके तहत तीनों मण्डलों के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि ट्रेनों के नए चार्टिंग सिस्टम में चार्टिंग मैनुअली की जाएगी। मसलन, गोरखधाम एक्सप्रेस का रिजर्वेशन चार्ट अभी दोपहर 12.20 बजे बनता है। जबकि आठ जुलाई से ट्रेन का चार्ट आठ घंटे पहले सुबह 8.20 बजे वन जाया करेगा। जबकि ट्रेन का इमरजेंसी कोटा एक दिन पहले रात नौ बजे तक फीड किया जाएगा। नए सिस्टम के तहत कोटा आवंटन व फीडिंग में असुविधाएं न हों, इसके लिए गत दिवस वाणिज्य विभाग कार्यालय में बैठक कर मंथन किया गया। ट्रेनों की चार्टिंग के नए नियम के अनुसार जो ट्रेनें सुबह पांच बजे से दोपहर दो बजे के बीच संचालित होंगी। उनके लिए रिजर्वेशन चार्ट पिछली रात 9 बजे बन जाएगा। इसके अलावा जो ट्रेनें दोपहर दो बजे के बाद और अगली सुबह पांच बजे से पहले चलेंगी, उनका आरक्षण चार्ट ट्रेन चलने से आठ घंटे पहले बनेगा। ट्रेनों की चार्टिंग के इस नए नियम से वेटिंग के यात्रियों को राहत मिलेगी। उन्हें अपनी टिकट की स्थिति पहले पता लग जाएगी, जिससे वे विकल्प तलाश सकेंगे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-टेन्डर नं0 पी0आर0वाई0जे0-सिग-404-2025-26 दिनांक : 03.07.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **31.07.2025 को 15:00 बजे** तक आमन्त्रित की जाती है।

**निविदा संख्या :** पी0आर0वाई0जे0-सिग-404-2025-26

**अनुमानित मूल्य (रूपये में) :** Rs. 6294396.29/- बासठ लाख चौरानवे हजार तीन सौ छियानवे रूपए और उनतीस पैसा)

**कार्य का विवरण :** "प्रयागराज मण्डल के टूण्डला से कौरारा और ब्रांच लाइन सेक्शन में सेक्शनल सिगनलिंग रखरखाव का अनुबंध।"

**निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशि (रूपये में)** 125900.00

**कार्य समापन की अवधि :** 12 माह | **निविदा बंद होने/खुलने की तिथि :** 31.07.2025

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता :** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे।

**बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूप :** निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इन्टरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा जमा की जाएगी। यदि निविदादाता धरोहर राशि उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी।

**निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थान :** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को 15:30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मंडल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन कार्य दिवस पर खोली जाएगी।

**निविदा की वैधता :** निविदा खुलने के 60 दिन तक

**निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकार :** रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 1169/25 (C)

@CPRONCR | North central railways | cproncrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

संख्याः 136-ई/उप मुकाधि/नि./पुनः नियुक्ति/ग्रुप-सी/भाग-II दिनांकः 30.06.2025

**अधिसूचना**

**विषयः** निर्माण संगठन/एनसीआर के सिविल, विद्युत, एस एंड टी और परिचालन विभागों में अनुबंध के आधार पर रिक्त पदों पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनः नियुक्ति के संबंध में।

**संदर्भः** रेलवे बोर्ड का पत्र संख्या ई(एनजी)II/2024/आरसी-4/9 दिनांक 15.10.2024 और 31.12.2024

निर्माण संगठन/उमरे में सेवाओं की अनिवार्यता हेतु पुनः नियुक्ति के लिए इच्छुक सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों से निम्नलिखित नियमों और शर्तों के साथ विकल्प मांगे जाते हैः-

(1) वेतन स्तर-01 से वेतन स्तर-09 में सेवानिवृत्त हुए गैर-राजपत्रित रेलवे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय उनके द्वारा धारित मूल वेतन-स्तर में उपलब्ध रिक्ति के समान पद के विरुद्ध पुनः नियुक्ति के लिए विचार किया जाना है। (2) रेलवे बोर्ड के द्वारा जारी नियमानुसार आवेदक को आवेदित पद की चिकित्सा श्रेणी में योग्य होना अनिवार्य है। (3) पुनः नियुक्ति किए जा रहे सेवानिवृत्त कर्मचारी सुरक्षा संबंधी सेवानिवृत्ति योजना/सुरक्षा कर्मचारियों के लिए गारंटीकृत रोजगार हेतु उदारीकृत सक्रिय सेवानिवृति योजना (एलएआरएसजीईएसएस)/हटाए गए/बर्खास्त किए गए/अनिवार्य सेवानिवृत्त के अंतर्गत कवर नहीं किए गए होने चाहिए। (4) कर्मचारियों की उपयुक्तता/योग्यता का निर्धारण नामित समिति द्वारा किया जाएगा। (5) पुनः नियुक्ति हेतु कर्मचारी डीएआर/सतर्कता मामलों से मुक्त होना चाहिए। (6) पुनः नियुक्ति अधिकतम 65 वर्ष तक होगी। (7) पुनः नियुक्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पारिश्रमिक, भत्ते और अवकाश रेलवे बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 09.12.2020 के कार्यालय ज्ञापन संख्या एफ.सं. 3-25/2020-ई.IIIA के अनुसार होंगे, जो निम्नानुसार हैः- (अ) सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त वेतन से मूल पेंशन की कटौती करके अनुबंध अवधि के दौरान एक निश्चित मासिक राशि पारिश्रमिक के रूप में स्वीकार्य होगी। इस प्रकार निर्धारित पारिश्रमिक की राशि अनुबंध की अवधि के लिए अपरिवर्तित रहेगी। (ब) अनुबंध की अवधि के दौरान कोई वेतन वृद्धि, महंगाई भत्ता और एचआरए की अनुमति नहीं दी जाएगी। (स) निवास और कार्य के स्थान के बीच आवागमन के उद्देश्य से परिवहन भत्ते के रूप में एक उचित और निश्चित राशि की अनुमति दी जाएगी हालांकि, सेवानिवृत्ति के समय उनकी पात्रता के अनुसार उन्हें आधिकारिक दौरे पर टीए/डीए, यदि कोई हो, की अनुमति दी जा सकती है। (द) सेवा के प्रत्येक पूर्ण माह के लिए 1.5 दिनों की दर से सवेतन अनुपस्थिति अवकाश की अनुमति दी जा सकती है। एक कैलेंडर वर्ष से अधिक अवकाश संचय की अनुमति नहीं दी जाएगी। (8) पुनः नियुक्ति अवधि 01 वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए होगी। हालांकि, पुनः नियुक्त सेवानिवृत्त कर्मचारी के संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर, उसकी नियुक्ति की अवधि को एक वर्ष की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, आगे बढ़ाया जा सकता है। (9) आरआरबी से चयनित उम्मीदवारों के शामिल होने पर पुनः नियुक्त कर्मचारियों को तुरंत हटा दिया जाएगा। (10) पुनः नियुक्त कर्मचारियों को इकाई का प्रभारी नहीं बनाया जाएगा। पुनः नियुक्त कर्मचारियों को वित्तीय और डी एंड एआर शक्तियाँ नहीं दी जाएंगी और उन्हें कोई सुरक्षा प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अधिकृत नहीं किया जाएगा। पुनः नियोजित कर्मचारी वित्तीय एवं अन्य मामलों पर अपने सुझाव नियमित या सेवारत कर्मचारियों/अधिकारियों को दे सकते हैं। (11) केवल वे सेवानिवृत्त कर्मचारी जो अधिवर्षिता के कारण सेवानिवृत्त हुए हैं वो सेवानिवृत्त के समय धारित वेतन लेवल एवं सेवानिवृत्ति विभाग में ही आवेदन करने के पात्र हैं। (12) चयनित आवेदक को निर्माण संगठन/एनसीआर के किसी भी स्टेशन पर तैनात किया जा सकता है। (13) पुनः नियोजित कर्मचारियों को पुनः नियोजित होने की सभी शर्तों का पालन करने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करना होगा। (14) पुनः नियुक्त का कार्य/आचरण असंतोषजनक पाया जाता है तो प्रशासन पुनः नियोजित कर्मचारियों की सेवा अवधि पूरी होने से पहले ही 7 दिन का नोटिस देकर समाप्त करने के लिए स्वतंत्र है। पुनः नियोजित सेवानिवृत्त कर्मचारी को अपनी सेवाएं समाप्त करने से पहले 7 दिन का नोटिस देना होगा। (15) अनुलग्नक- 'अ' में दर्शाये पदों को सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों द्वारा भरे जाने का प्रस्ताव है।

**आवेदन कैसे करेंः-** योग्य एवं इच्छुक सेवानिवृत्त रेलवे अराजपत्रित कर्मचारी (वेतन स्तर-01 से स्तर-09 तक) निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक 'बी' संलग्नक) में आवेदन को तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करें जैसे - स्व-सत्यापित (i) पी.पी.ओ. की फोटोकॉपी (ii) सेवा प्रमाण पत्र (iii) पेंशन पहचान पत्र तथा (iv) हाल ही की पासपोर्ट साइज फोटो की 02 प्रतियां। आवेदन को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण कार्यालय, हॉल संख्या-02, एच-ब्लॉक, भागीरथी बिल्डिंग, सूबेदारगंज, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज-211015 (यूपी) में अंतिम तिथि 21 जुलाई 2025 तक भेजना आवश्यक है। यह अधिसूचना एनसीआर की वेबसाइट http://ncr.indianrailways.gov.in पर भी उपलब्ध है।

(इफ्तिख़ार अहमद खान)
वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/निर्माण
कृते मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण

**अनुलग्नक 'अ'**

Posts proposed for re-engagement in Construction Organisation/NCR
(Notification No. 136E/Dy. CPO/C/Re-engagement/Gr. C/Pt.-II dated 30.06.2025)

**Civil Engineering**

| Designation | Pay Level | Vacancies |
|---|---|---|
| SSE_Works | 7 to 9 | 29 |
| SSE_P. Way | 8 to 9 | 14 |
| SSE D&D | 9 to 9 | 5 |
| JE_Works | 6 | 6 |
| JE_P.Way | | 4 |
| JE_D&D | | 5 |
| Steno | 6 | 1 |
| Ch. OS | 7 | 4 |
| OS | 6 | 1 |
| Trackman-II & III | 2, 3 & 4 | 44 |
| Trackman-IV | 1 | 9 |
| General Assistant | 1 | 42 |
| | Total | 164 |

**OPTG**

| Designation | Pay Level | Vacancies |
|---|---|---|
| WMI | 7 | 1 |
| OS | 6 | 1 |
| GA Pointsman | 1 to 2 | 2 |
| | Total | 4 |

**S&T**

| Designation | Pay Level | Vacancies |
|---|---|---|
| SSE_Sig. | 7 to 8 | 3 |
| SSE_Tele | 8 to 8 | 2 |
| JE_Sig. | 6 | 2 |
| Tech-I Sig. | 5 | 6 |
| Tech-II_Sig. | 4 | 1 |
| Tech_III_Sig. | 2 | 2 |
| Tech_I_Tele | 5 | 2 |
| Helper | 1 | 12 |
| | Total | 30 |

**Electrical Engineering**

| Designation | Pay Level | Vacancies |
|---|---|---|
| SSE | 7 to 9 | 4 |
| JE | 6 | 1 |
| Ch. OS | 7 | 3 |
| OS | 6 | 3 |
| Sr. Clerk | 5 | 1 |
| Sr. Technician | 6 | 1 |
| Technician-I | 5 | 4 |
| Technician-II | 4 | 6 |
| Technician-III | 2 | 2 |
| Helper | 1 | 10 |
| | Total | 35 |

**अनुलग्नक 'ब'**

उत्तर मध्य रेलवे के निर्माण संगठन में पुनः नियुक्ति (रि-इंगेजमेंट) हेतु आवेदन पत्र
(अधिसूचना संख्या 136-ई/उप मुकाधि/नि./पुनः नियुक्ति/समूह-सी/भाग-II दिनांक 30.06.2025)

सेवा में,
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज-211015

मैं, पदनाम ................ हेतु उक्त अधिसूचना में उल्लिखित नियमों और शर्तों पर मासिक पारिश्रमिक के आधार पर निर्माण संगठन/एनसीआर की यूनिट ................ (यूनिट का नाम) विभाग ........................ (सिविल/विद्युत/एस एंड टी/परिचालन) विभाग में पुनः नियुक्ति के लिए आवेदन करता/करती हूँ। मेरी सेवा का विवरण इस प्रकार हैः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | | |
| 2. | पिता का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | | |
| 3. | जन्म तिथि DD-MM-YYYY | | |
| 4. | सेवानिवृत्ति की तिथि DD-MM-YYYY | | |
| 5. | 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने की तिथि | | |
| 6. | सेवानिवृत्ति के समय पदनाम | | |
| 7. | ग्रेड पे/लेवल (नियमित पदोन्नति के अनुसार) | | |
| 8. | ग्रेड पे/लेवल (MACP के अनुसार) यदि हो तो | | |
| 9. | अंतिम आहरित वेतन (वेतनमान) | | |
| 10. | स्थान जहां से सेवानिवृत्त हुए | 1. मण्डल का नाम ....................<br>2. यूनिट (यदि निर्माण) ...............<br>3. विभाग ............................ | |
| 11. | सेवानिवृत्ति होने का तरीका<br>(कृपया उपयुक्त बॉक्स में टिक मार्क करें) | 1. अधिवर्षिता<br>2. वीआरएस<br>3. लार्जेस<br>4. किसी अन्य तरीके से (निर्दिष्ट करें) | |
| 12. | पीपीओ संख्या और तिथि | | |
| 13. | संलग्नक (सत्यापित छायाप्रति संलग्न):<br>(कृपया उपयुक्त बॉक्स में टिक मार्क करें) | हाँ | नहीं |
| अ. | सेवा प्रमाण पत्र | | |
| ब. | पेंशन पहचान पत्र | | |
| स. | पेंशन भुगतान आदेश | | |
| 14. | मोबाइल नंबर | | |
| 15. | आधार कार्ड नंबर | | |
| 16. | पत्राचार के लिए पूरा पता<br>(पिन कोड के साथ) | | |

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि ऊपर दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सत्य है और यदि यह गलत/झूठी पाई जाती है तो मैं दंडात्मक कार्रवाई के लिए उत्तरदायी हूँ। मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने अधिसूचना में निर्धारित नियमों और शर्तों को पढ़ लिया है और मैं उनका पालन करूँगा/करूँगी।

हाल ही का पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो चिपकाएं एवं फोटो पर हस्ताक्षर करें

आवेदक के हस्ताक्षर
नामः ....................
स्थानः ....................
दिनांकः .................... 1159/25 (A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# अखंड सुन्दरकाण्ड पाठ के आयोजन में पथवारी माता मंदिर पर उमड़ा आस्था का सैलाब: भक्तों में दिखा भारी उत्साह





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा ।** शनिवार को मऊ रोड़ स्थित सिद्धार्थ एन्क्लेव में प्राचीन पथवारी माता मंदिर पर अखंड सुन्दरकाण्ड पाठ का संगीतमई आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ पण्डित रमेश जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से किया। आयोजन में संगीतकारों ने वाल्मीकि रामायण में वर्णित बजरंगबली की महिमा और उनके द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों का वर्णन किया। धार्मिक संगीतकारों ने ढोलक और बाजे की सुर-ताल से समां बांध दिया, जय श्री राम के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे पुनीत शर्मा, धर्मवीर गौतम, संत श्री सुखराम दास जी महाराज, रामसेवक शर्मा, सन्तोष शर्मा आदि के आव्हान पर क्षेत्र वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के आयोजक रहे पुनीत शर्मा ने व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए आयोजक पुनीत शर्मा ने बताया कि सुंदरकांड पाठ का आयोजन एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है, जो भगवान श्री राम जी की भक्ति और हनुमानजी की महिमा को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक भावनाओं को बढ़ावा देता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक बल मिलता है। यह पाठ भगवान श्रीराम की भक्ति और उनके प्रति समर्पण को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने भोग प्रसादी का वितरण किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर कर भाग लिया और भगवान के समक्ष धार्मिक नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान उपस्थित मातृशक्ति में जयदेवी शर्मा, अनीता यादव, ऊषा शर्मा, कीर्ति शर्मा, राजकुमारी, खुशबू उपाध्याय आदि अनेकों श्रद्धालु मौजूद थे।

# डीसीपी वेस्ट ने किया थाना अछनेरा का वार्षिक निरीक्षण दिए दिशा-निर्देश

सांध्य पहल संवाददाता



**अछनेरा ।** पुलिस उपायुक्त पश्चिमी अतुल शर्मा द्वारा शुक्रवार थाना अछनेरा का वार्षिक निरीक्षण किया गया एवं संबंधित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। डीसीपी पश्चिम अतुल शर्मा ने एसीपी अछनेरा गौरव सिंह ने साथ शुक्रवार शाम को थाना अछनेरा का वार्षिक निरीक्षण किया , उनके द्वारा थाना कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क, डाक कार्यालय, थाना हवालात, थाना मेस, थाना बैरक एवं महिला हेल्प डेस्क, शस्त्रागार आदि का निरीक्षण किया गया। थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए थाना प्रभारी व हेड मोहर्रिर को मालखाने में लंबित पड़े माल का शीघ्र निस्तारण करने, थाना परिसर व थाना बैरक की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने, आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था रखने व लावारिस वाहनों की प्रक्रिया के अनुरूप नीलामी करने हेतु निर्देशित किया गया।

इसके बाद उनके द्वारा महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को पीड़ित की अविलंब सहायता करने, प्रतिदिन प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को रजिस्टर में अंकित करने व सभी शिकायतों का अविलंब गुणवक्तापूर्ण निस्तारण कराने, महिलाओं का फीडबैक लेने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय के निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त पश्चिमी अतुल शर्मा द्वारा सभी रजिस्टरों को पूर्ण व सही तरीके से रखरखाव रखने हेतु निर्देशित किया गया।

थाना प्रभारी को सभी आने वाले नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनने व लोगों से मृदु व्यवहार करने, जनशिकायतों को समयपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु एवं सभी विवेचकों को लंबित पड़ी विवेचनाओं का जल्द से जल्द समापन करने, पुलिसकर्मियों को सतर्कता से ड्यूटी करने के संबंध में निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान एसीपी गौरव सिंह थाना प्रभारी अछनेरा देवेंद्र कुमार द्विवेदी निरीक्षण अपराध विजय कुमार चंदेल वरिष्ठ उप निरीक्षक जितेंद्र यादव एसआई राघवेंद्र सिंह एसआई नवजीत सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# आठ फिट लंबा 200 किलों वजन का बताया गया पंचायती राज ताजिया

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा ।** कस्बा किरावली के मोहल्ला व्यापरियान में पंचायती ताजिया शनिवार शाम करीब 6 बजे रखा गया।पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंचायती ताजिया स्टील रखा गया है।सभासद दानिश कुरैशी ने बताया है कि ताज़िया आठ फिट लंबा और 200 किलों वजन से बनाया गया है।पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था नजर रखी है।इस मौके पर कस्बा चौकी प्रभारी निरीक्षक किरावली सतीश सोलंकी, एसआई अमित कुमार, सभासद दानिश कुरैशी, हाजी रहीश कुरैशी, सभासद शहीदो कुरैशी, सानू कुरैशी, सलमान कुरैशी बूथ अध्यक्ष भाजपा, चौधरी जहीर, चौधरी बाबू, चौधरी राजू, वकील कुरैशी, चोधरी मन्नू ,चोधरी उस्मान, हाजी हब्बो, ताहिर कुरैशी, आदि लोग शामिल रहे।

# वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन के लिए विशेष कैम्प लगवाने हेतु सभासदों ने नए एडीएम को सौंपा पत्र

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा ।** कस्बा किरावली नगर पंचायत किरावली के सभासद गणों द्वारा शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में बृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन के लिए एक विशेष कैम्प का आयोजन हेतु अपर जिलाधिकारी आजाद भगत सिंह को लिखित पत्र सौंपा है। पत्र के माध्यम से बताया गया कि बुजुर्गों, महिलाओं एवं विकलांगों व्यक्तियों की कई वर्षों से पेंशन बंद पड़ी है जिनको आगरा विकास भवन आने जाने में बहुत ज्यादा परेशानी होती है। जसमें की एक विशेष कैम्प नगर पंचायत में लगवाने के लिए पत्र लिखकर दिया है। पत्र सौंपने वालों में सभासदगण प्रेम सिंह इन्दोलिया, दानिश कुरैशी, रामनरेश सिंह इन्दौलिया, लक्ष्मी कांत शुक्ला, कमलेश देवी, गुलाबो देवी, ममता सिंघल, रिहाना बेग़म, बेताल पहलवान, गीतम सिंह, शहीदो कुरैशी, लाल बहादुर सिंह और विनोद इन्दौलिया, ताहिर कुरैशी आदि शामिल रहे।


सम्पूर्ण समाधान दिवस

# आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर खड़ी स्विफ्ट कार में कंटेनर ने मारी टक्कर, चार घायल, कंटेनर नीचे जाकर पलटा

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा/फतेहाबाद ।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर शनिवार सुबह तड़के एक्सप्रेस वे के किनारे खड़ी स्विफ्ट कार में पीछे से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिसमें चार लोग घायल हो गए। वही कंटेनर रैलिंग को तोडते हुए नीचे जा कर पलट गया। सभी घायलों को सीएचसी फतेहाबाद पर भर्ती कराया गया है। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर एक स्विफ्ट कार जो श्रीवस्ती से दिल्ली जा रही थी। जिसमें तीन महिलाएं,चार बच्चे व तीन पुरुष सवार थे। जैसे ही सुबह लगभग साढ़े चार बजे किलोमीटर 32 पर पहुंचें। कार में एक्सप्रेस वे के किनारे खड़ी कर बच्चे को शौच कराने लगे। तभी पीछे से आ रहे कंटेनर ने कार में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे कार डिवाइडर में जाकर लगी।कार में सवार महेश पुत्र सुरेश, कैलाश, अंजली गुप्ता पत्नी अमित , अखंड प्रताप सिंह निवासीगण भिनगा श्रीवस्ती घायल हो गए। वही कंटेनर अनियंत्रित होकर रैलिंग को तोडते हुए रोड के नीचे जाकर पलट गया।। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर डीपी तिवारी पुलिस बल और यूपीडा टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घायलों को सीएचसी फतेहाबाद पर भर्ती कराया गया है।



# पुलिस ने साइबर ठगों से 10 लाख वापस कराए- व्यापारी ने क्रिप्टो करेंसी में मुनाफे के नाम पर लगाए थे रुपए

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा ।** क्रिप्टो करेंसी के नाम पर मारुति एंक्लेव के रहने वाले व्यापारी से साइबर ठगों ने साढ़े 10 लाख रुपए का फ्राड कर लिया। व्यापारी ने साइबर थाने में शिकायत की। साइबर पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए व्यापारी की पूरी रकम को वापस करा दिया। साइबर थाना प्रभारी रीता सिंह ने बताया कि मारुति एंक्लेव एक्सटेंशन निवासी सौरभ शर्मा ने थाने में शिकायत की थी कि फेसबुक पर उन्होंने क्रिप्टो करेंसी में मुनाफा दिलाने का विज्ञापन देखा था। उन्होंने बात की तो उनको वाटस एप पर एक लिंक दिया। वहां से उसे टेलीग्राम पर ले जाकर ट्रेडिंग की ट्रेनिंग दी गई। शुरुआत में साइबर ठगों ने उनको मुनाफा दिखाया। धीरे धीरे कर उनसे साढ़े 10 लाख रुपए अकाउंट में ट्रांसफर कराए गए। जब उन्होंने अपने अकाउंट से रुपए निकालने का प्रयास किया तो रुपए नहीं निकले। इसके बाद उन्हें ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने इसके बाद साइबर थाने में शिकायत की।

**देर करने पर नहीं मिलती रकम**

थाना प्रभारी रीता सिंह ने बताया कि पीड़ित ने ठगी के बाद तुरंत साइबर थाने में शिकायत की। इस कारण ही उनकी रकम वापस मिल सकी। जिन अकाउंट में रुपए ट्रांसफर हुए थे, उन्हें फ्रीज कराकर रकम को वापस कराया गया। अगर किसी के साथ ठगी होती है तो वो शिकायत करने में देर न करें।

# जलभराव से होकर निकाली अर्थी : अछनेरा के कचौरा गांव में जलभराव से परेशान ग्रामीण, प्रधान सचिव पर लगाए आरोप

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा ।** अछनेरा विकास खंड के गांव कचौरा में मुख्य सड़क पर नालियों का गंदा पानी भरा हुआ है। हालात इतने खराब हैं, कि शनिवार को एक महिला की अंतिम यात्रा लोगों को इसी रास्ते से निकालनी पड़ी। जिसका एक वीडियो भी सामने आया है।

इस जलभराव के लिए लोगों ने ग्राम प्रधान और सचिव पर मनमानी का आरोप लगाए हैं।

उनका कहना है कि ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से नालियों और बरसात का पानी पोखर की बजाय खेतों और मुख्य रास्ते पर छोड़ा जा रहा है।

इससे गांव का रास्ता हमेशा जलभराव से घिरा रहता है। बरसात में हालात और ज्यादा खराब हो जाते हैं।

**ग्रामीण कई बार एसडीएम से भी कर चुके हैं शिकायत**

गांव के लोगों ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर उन्होंने समाधान दिवस में अधिकारियों से गुहार लगाई है। कई बार एसडीएम से भी शिकायत कर चुके हैं। मौके पर निरीक्षण के बाद आदेश भी दिए गए, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

# बमरौली अहीर में जलभराव से ग्रामीण परेशान: स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भी पानी से होकर गुजरना पड़ता है, मंदिर तक जाने में दिक्कत

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा ।** जनपद के बिचपुरी ब्लॉक की ग्राम पंचायत बमरौली अहीर में बारिश के कारण जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। पानी की निकासी न होने से लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासी बृजेश कुमार ने बताया कि उनके घर के सामने पानी भर गया है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को इस पानी से होकर गुजरना पड़ता है। मनोज कुमार यादव के अनुसार मंदिर के पास भी जलभराव है। श्रद्धालुओं को पूजा के लिए गंदे पानी से होकर जाना पड़ता है। लाल सिंह यादव ने कहा कि गांव में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कई बार ग्राम विकास अधिकारी से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब तक पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होगी, यह समस्या बनी रहेगी। बृजेश कुमार गुड्डू, मनोज कुमार, लाल सिंह यादव, संतोषी, गीतम सिंह, भोला यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने गांव में विकास कार्यों के साथ पानी निकासी की व्यवस्था की मांग की है।

# दो बाइक की टक्कर में एक की मौत- शादी से लौट रहे युवकों की भिड़ंत, बच्ची समेत 4 घायल

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा ।** जनपद के थाना खंदौली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत में घायल हुए युवक की शनिवार सुबह एसएन मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान विकास कुमार निवासी पुरा गोवर्धन, खंदौली के रूप में हुई है। हादसे में एक दो वर्षीय बच्ची सहित चार लोग घायल हुए थे। तीन का उपचार जारी है। यह दर्दनाक हादसा खंदौली क्षेत्र के नगला चंदन स्थित चंद्रावली प्रॉपर्टी के पास शुक्रवार रात करीब 12 बजे के बाद हुआ। दोनों बाइकें शादी समारोह से लौटते समय आमने-सामने टकरा गईं। एक बाइक पर बमरौली कटारा निवासी हेमंत और उनकी दो वर्षीय बेटी रिचा सवार थे। दूसरी बाइक पर विकास कुमार और शक्ति सिंह, निवासी पुरा गोवर्धन, सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारों सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने सभी को तत्काल एसएन मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां इलाज के दौरान शनिवार सुबह विकास कुमार की मौत हो गई। अन्य घायलों की हालत स्थिर बताई गई है।वही पहली बाइक का नंबर यूपी 80 जी एच 5991 और दूसरी का यूपी 80 श्रङ्क 1271 था।



# कैंट स्टेशन के पास चला अतिक्रमण अभियान: निगम ने हटाईं सड़क किनारे लगीं गुमटियां, राहगीरों को जाम से मिलेगी राहत



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा ।** आगरा कैंट स्टेशन रोड पर शुक्रवार को नगर निगम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। टीम ने सड़क और फुटपाथ पर लगे दर्जनों ठेलों, गुमटियों और बांस-बल्लियों से बनी अवैध दुकानों को हटाया। जैसे ही निगम की कार्रवाई शुरू हुई, कई दुकानदार खुद ही सामान समेटने लगे। टीम के साथ पहुंचे अधिकारियों ने सख्त चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कुछ ठेले और सामग्री जब्त कर निगम की गाड़ी में भरवाई गई।

**शाम को लगता था जाम, लोग हो जाते थे परेशान**

आगरा कैंट स्टेशन की ओर जाने वाली रोड पर अवैध ठेल और अतिक्रमण हो रखा था। इसको लेकर नगर निगम में शिकायत हुई थी। इसके चलते निगम की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। इससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। उनका कहना है कि रोजाना शाम को यहां भीड़ और जाम की स्थिति बन जाती थी। फुटपाथ और सड़क के किनारे दुकानें लगने से पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता था। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग अक्सर परेशान रहते थे। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। स्थानीय निवासियों ने निगम की कार्रवाई की सराहना की और कहा कि अब आने जाने में सुविधा होगी। निगम ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। दोबारा अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# पुलिस के नाम पर डॉक्टरों से कर रहा था वसूली: आईएमए प्रेसीडेंट ने जारी किया वीडियो, पुलिस ने आरोपी किया गिरफ्तार

सांध्य पहल संवाददाता



आगरा । डाक्टरों से पुलिस एक्टिविटी फंड के नाम पर वसूली करने के खिलाफ डाक्टरों ने शिकायत की। पुलिस को डाक्टरों ने शिकायत की। रंगदारी की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आईएमए की स्थानीय शाखा के प्रेसिडेंट ने एक वीडियो जारी कर इस फ्राड की जानकारी दी। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। जिसका वीडियो डा. अनूप दीक्षित ने आईएमए के ग्रुप पर शेयर किया। डा. दीक्षित बताते हैं कि एक युवक हॉस्पिटल पर आया। कर्मचारी से मिला। अपना नाम शकील अहमद बताया। कहा कि थाने से आया हूं। पुलिस एक्टिविटी फंड की रसीद कटनी है। कर्मचारी ने डॉ. दीक्षित को बताया। डा. दीक्षित ने युवक को रसीद के साथ अंदर बुलाया।

रसीद देखी तो वो पुरानी और घिसी हुई थी। उन्हें शक हुआ। उन्होंने पूछा कि कि कितने की रसीद कटनी है। उसने कहा कि 2500 रुपए की रसीद कटेगी। डॉक्टर ने पूछा कि कौन सी चौकी से आए हो। इस पर युवक ने कहा कि वो पुलिस चौकी 4 से आया हूं। डॉक्टर ने कहा कि चौकी पर बात कराओ। थानाध्यक्ष से बात कराओ। लेकिन वो बात नहीं करा पाया। न ही लैटर दिखा पाया। पुलिस अधिकारियों से भी शिकायत की।

**पैर पकड़ मांगने लगा माफी**

डॉ. दीक्षित ने कहा कि सख्ती से पूछा तो वो रोने लगा। पैर पकड़ लिए। बोला कि मेरे छोटे छोटे बच्चे हैं। किसी से कुछ नहीं कहो। लेकिन इसकी जानकारी पुलिस को दे दी गई। उसके पास जो रसीदें मिली हैं, उनपर कई डॉक्टरों के नाम हैं। ऐसा लग रहा है कि हर साल यह दो से तीन लाख रुपए इसी तरह वसूलकर लेता था। 112 पर सूचना दी गई। डॉ. दीक्षित ने ही तहरीर दी। जिस पर मुकदमा लिखा गया है।

**बताने लगा खुद को पत्रकार**

आरोपी शकील अहमद सदर के शहीद नगर इलाके का निवासी है। पुलिस पूछताछ में खुद को एक पत्रिका का पत्रकार बताने लगा। कहने लगा कि उसके विज्ञापन के लिए रुपये लेने गया था। जांच में जानकारी मिली है कि शकील शहीद नगर इलाके में पुलिस से काम कराने की कहकर लोगों को जाल में फंसाता है। पहले शहीद नगर चौकी में शिकायत हो चुकी है।

# गंगाजल पाइपलाइन के गड्ढे में फंसी स्कूल बस : चालक परिचालक ने सूझबूझ से बच्चों को सुरक्षित निकाला, दो टैक्टरों ने बस बाहर खींची

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा ।** किरावली में हर घर नल हर घर गंगाजल योजना के तहत बिछाई गई पाइपलाइन से एक बड़ा हादसा टल गया। शनिवार को बारिश के दौरान नगला कुर्र नगला ब्राह्मण मार्ग पर स्कूल बस गंगाजल पाइपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढे में फंस गई। चालक और परिचालक ने तत्परता दिखाते हुए सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बच्चों के उतरते ही बस और अधिक धंस गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दो ट्रैक्टरों की मदद से घंटों की मेहनत के बाद बस को बाहर निकाला। छह महीने पहले सड़क के दोनों तरफ गंगाजल की पाइपलाइन बिछाई गई थी। लेकिन पाइपलाइन डालने के बाद गड्ढों को भरा नहीं गया। इन गड्ढों में अब घास फूस उग आने से ये दिखाई नहीं देते। ग्रामीणों ने इस लापरवाही पर रोष जताया। ग्रामीण मुरारीलाल शर्मा ने कहा कि, ये लापरवाही किसी दिन काल बनकर आयेगी। आज बच्चों की जान जोखिम में थी। काम करने वालों पर हो कार्यवाही। मुरारीलाल अमीन, रामकुमार शर्मा, नरेंद्र शर्मा, मोनू कुमार, मंजीत, रवि समेत कई ग्रामीणों ने कहा कि, सरकार योजनाओं के आदेश तो देती है, लेकिन उनका क्रियान्वयन सही तरीके से नहीं होता। उन्होंने जल्द से जल्द गड्ढों को भरने की मांग की है।

# राष्ट्रीय मध्यस्थता दिवस की हुई शुरूआत, एक जुलाई से तीस जुलाई तक चलेगा अभियान

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशानिर्देश पर मा0 जनपद न्यायाधीश श्री संजय कुमार मलिक के मार्गदर्शन में जनपद आगरा में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान दिनांक 01.07.2025 से 30.09.2025 तक चलेगा। जिसके अंतर्गत न्यायालय में लंबित मामलों का समाधान आपसी सुलह समझौते के माध्यम से कराया जाएगा। इस अभियान का शुभ आरंभ अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ.दिव्यानंद द्विवेदी के नेतृत्व में किया गया।

# वकील ने कांग्रेस कार्यालय में महिला से रेप किया: पीड़िता के घर पर कब्जा जमाया, धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाता था

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा ।** वकील ने अपनी महिला क्लाइंट को पिस्टल दिखाकर कांग्रेस कार्यालय में रेप किया। इसके बाद पीड़िता के घर पर जबरन आना शुरू कर दिया। धर्म परिवर्तन कराने और रोजे रखने का दबाव बनाने लगा। उसके घर में ही नमाज पढ़ने लगा। जब पीड़ित महिला ने इसका विरोध किया तो उस पर चाकू से हमला कर दिया। पीड़ित ने आरोपी वकील के खिलाफ रेप सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। घटना शाहगंज थाना क्षेत्र की है। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर ली गई है। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा है। आरोपी की अभी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना शाहगंज क्षेत्र की रहने वाली पीड़ित महिला ने बताया जुलाई 2019 में भाइयों से मेरा विवाद हो गया था। इसके बाद मैं दीवानी कचहरी गई थी। वहां मेरी मुलाकात जलालुद्दीन से हुई। जलालुद्दीन ने अपने आप को वकील बताया। मैंने जलालुद्दीन को अपनी समस्या बताई। जलालुद्दीन ने मेरी मदद करने का भरोसा दिया। जलालुद्दीन पुत्र स्व सिराजुद्दीन निवासी सगीर फातिमा गर्ल्स इंटर कालेज परिसर अभी ताजगंज में रहता है।

# संपादकीय

## पाकिस्तान की चाल फिर विफल

शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर बेनकाब करते हुए भारत पर ही आरोप मढ़ने की उसकी चाल को विफल कर डाला। आतंकवाद के खिलाफ अपने कड़े रुख पर कायम रहते हुए भारत ने पहलगाम आतंकी हमले को नजरअंदाज करने और सीमा पार से होने वाले पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के प्रति भारत कीचिंताओं को अनदेखा करने पर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। एससीओ रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथसिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को वक्तव्य में शामिल करने की मांग की, जबकि पाकिस्तानी पक्ष ने बलूचिस्तान में चरमपंथी गतिविधियों पर टिप्पणी डलवाने पर जोर दिया, जो साफ-साफ भारत पर आरोप मढ़ने का प्रयास था। पाकिस्तान की इस हरकत के कारण सम्मेलन संयुक्त वक्तव्य के बिना ही समाप्त हो गया। वक्तव्य के मसौदे में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र ही नहीं था और न ही सीमा पार से होने वाले आतंकवाद पर भारत के रुख को दर्शाया गया था। ये सारी चालें सम्मेलन के अत्यंत महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर भारत के रुख को कमजोर करने के लिए चली जा रही थी, मामले को भांपते ही रक्षामंत्री ने पाक के धुर्रे उड़ा दिए। राजनाथ ने आतंकवाद का प्रायोजक ठहराते हुए जवाबदेह ठहराने की अपील की। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंड रखने वालों के खिलाफ एससीओ को भी भारत जैसी कड़ी नीति अपनानी चाहिए। अब आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का वक्त आ गया है। आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित और अपने संकीर्ण और निहित उद्देश्यों के लिए इसका इस्तेमाल करने वालों को परिणाम भुगतने ही होंगे। ऑपरेशन सिंदूर इसकी शुरुआत थी जिसके तहत भारत ने आतंकवाद से बचाव तथा सीमा पार से होने वाले हमलों को रोकने के अपने अधिकार का प्रयोग किया। आपरेशन से आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति उसकी कार्रवाइयों के माध्यम से प्रदर्शित हुई है। भारत के इन प्रयासों को एससीओ के सदस्य देशों से निसंकोच भरपूर सहयोग और समर्थन मिलना ही चाहिए। दुनिया के इस भूभाग में इसी से शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त होगा तथा संगठन का उद्देश्य सार्थक हो सकेगा।

## पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद जी महाराजः श्रद्धा, साधना और सिद्धि की जीवंत मूर्ति







( आचार्य विश्वनाथ त्रिपाठी )

पीठाधीश्वर स्वामी पंचमानंद जी महाराज का जीवन एक ऐसी आध्यात्मिक यात्रा है, जो न केवल साधकों को प्रेरणा देती है, बल्कि भक्तों के लिए एक जीवंत आदर्श बन गई है। ईश्वर में अटूट आस्था, गुरु सेवा, कठोर तप और सिद्धि के पथ पर अग्रसर यह जीवन-वृत्त एक युग पुरुष की गाथा है। स्वामी जी का जन्म आज से 67 वर्ष पूर्व मुरैना जिले के जौरा के समीपवर्ती ग्राम गैपरा में एक संभ्रांत ब्राह्मण परिवार में हुआ। इनके पिता श्री हरिविलास जी तथा माता श्रीमती भगवती देवी जी दोनों ही धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति के थे। इनकी कोख से जब बालक ने जन्म लिया, तो क्षेत्र के प्रसिद्ध संत मंगलदास बाबा का विशेष आशीर्वाद इस जन्म को प्राप्त हुआ। जन्म के साथ ही बालक पंचमानंद में भक्ति के लक्षण स्पष्ट दिखने लगे थे। बाल्यकाल से ही भगवान और साधु-संतों के प्रति विशेष श्रद्धा रखने वाले स्वामी जी ने प्रारंभिक शिक्षा के उपरांत पारिवारिक जीवन का दायित्व संभालना प्रारंभ किया। किंतु, पूजा-पाठ और साधना से उनका जुड़ाव कभी नहीं टूटा। कालांतर में उन्हें स्वामी निखिलेश्वरानंद जी जैसे सिद्ध गुरु का सान्निध्य प्राप्त हुआ, जिन्होंने स्वामी जी को गुरु साधना की गहराइयों से परिचित कराया और उन्हें आत्मिक रूप से बल प्रदान किया। गुरु आज्ञा से स्वामी पंचमानंद जी ने हनुमान साधना की कठिन राह को अपनाया और चौदह वर्षों तक अन्न और नमक का त्याग कर संन्यास जीवन की कठोर तपस्या में लीन रहे। उनकी आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत प्रयागराज से हुई, जो विभिन्न तीर्थ स्थलों से होते हुए बदरीवन तक पहुंची। वहीं उन्होंने गहन साधना कर 'सिद्धाश्रम' के अधिकारी का पद प्राप्त किया।

स्वामी जी की साधना और तप की शक्तियों का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अपने पूज्य गुरुदेव परमहंस के साथ कई अलौकिक यात्राएं कीं और दिव्य अनुभव प्राप्त किए। ऐसा भी माना जाता है कि वे आज भी अपने श्रद्धावान शिष्यों को सूक्ष्म रूप में मार्गदर्शन देते रहते हैं।

उनका संपूर्ण जीवन यह सिद्ध करता है कि तप, त्याग और भक्ति के बल पर कोई भी साधक परम सिद्धि को प्राप्त कर सकता है। आज भी स्वामी जी के अनुयायी देश-विदेश में फैले हुए हैं, जो उनके आशीर्वाद को अपनी जीवन दिशा मानते हैं।

## शब्द सामर्थ्य - 100

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 099 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

## मैं भी

(किशन लाल शर्मा-विभूति फीचर्स)

लंदन की सर्द शाम कुछ अलग ही होती है।धुंए से घिरी गलियां ठंडी हवा और लोगो की भीड़ में अजीब हलचल। कमल रोज की तरह ऑफिस से निकलकर मेट्रो स्टेशन चला आया।उसके हाथ में



कॉफी का कप था। कप में से हल्की हल्की भाप उठ रही थी। चलते चलते वह कॉफी की चुस्की ले रहा था।

"धड़ाम"

अचानक उससे आकर कोई टकराया था।उसके हाथ से कॉफी का कप छूटकर नीचे गिर गया।

"ओ हो,सॉरी। ट्रेन पकड़ने के चक्कर में......।"

उसे एक मधुर, सुरीली आवाज सुनाई पड़ी। कमल ने सिर उठाकर देखा--सुनहरे बाल,काली चमकीली आंखें और हल्के गुलाबी रंग का कोट पहने वह लड़की अपराध बोध से ग्रस्त घबराई सी वह बोली थी।

वह कुछ कह पाता, उससे पहले वह भागती हुई गयी और भीड़ में कहीं खो गयी।

कमल हक्का बक्का सा उसे जाते हुए देखता रहा।उसने उसकी एक झलक ही देखी थी। लेकिन उसका चेहरा उसकी आँखों मे बस गया था।

उस रात कमल सो नही पाया। उस लड़की के चेहरे की मासूमियत,, आंखों की गहराई और उसकी मधुर आवाज उसके दिलो दिमाग में छाई रही। अगले दिन से ही हर सुबह और शाम को, कमल की नजरें उस लड़की को खोजने लगी। हर बार जब मेट्रो ट्रेन के दरवाजे खुलते, उसके मन मे उम्मीद जागती, पर जल्दी ही निराशा में बदल जाती। रोज उसे प्लेटफॉर्म और ट्रेन में सैकडों लड़कियां नजर आती, पर उनमें वह नहीं होती,जिसकी उसे तलाश थी।

धीरे धीरे दिन गुजरते रहे, पर वह उसे नहीं मिली।

एक दिन वह ट्रेन आने पर उसमें चढ़ा। खाली सीट ढूंढता वह आगे बढ़ा और एक सीट खाली देखकर, उस पर जा बैठा। और जैसे ही उसने नजरें उठाकर देखा, उसके आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। जिसे वह पिछले कई दिनों से तलाश रहा था,वह उसके सामने वाली सीट पर बैठी थी।उसे देखते ही कमल बोला,÷तुम वही हो न,जो मुझसे टकराई थी? लड़की ने कमल की ओर देखा, फिर उस दिन की घटना याद आने पर मुस्कराई,"और मेरे टकराने से तुम्हारे हाथ से कॉफी का कप गिर गया था।"

और तुम रुकी नही। सॉरी कहकर भाग गई थी।"

कमल ने उसे याद दिलाया था।

मैं ट्रेन पकड़ने की जल्दी में थी।"सहज स्वर में वह बोली,"वरना कॉफी खरीदकर तुम्हे ऑफर जरूर करती।"

"उसकी कोई जरूरत नहीं थी,÷वह मुस्कराकर बोला,÷मैं कमल-

कमल ने अपना परिचय दिया था।

"मैं एलिस-उसने भी अपना परिचय दिया था।

## भारत की एकता- अखंडता को समर्पित युगपुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

(हेमन्त खण्डेलवाल-विनायक फीचर्स)

कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जो अपने विचारों, संघर्षों और बलिदानों से समय की धारा को मोड़ने



का संकल्प रखते हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे ही युगपुरुष थे, जिनकी राष्ट्रभक्ति, दूरदृष्टि और दृढ़ संकल्प ने भारत की एकता-अखंडता को सुदृढ़ किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे ही एक युगदृष्टा थे, जिनका जीवन भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए समर्पित था। वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि शिक्षाविद्, समाज सुधारक और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल प्रवक्ता भी थे। 6 जुलाई को उनका जन्मदिवस केवल एक स्मरण तिथि नहीं, बल्कि राष्ट्रनिष्ठा, त्याग और सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। देश की स्वतंत्रता के पश्चात जम्मू-कश्मीर को लेकर जो परिस्थितियाँ निर्मित हुईं, वे राष्ट्र की एकता के लिए चुनौती बन गईं थी। अनुच्छेद 370 और 35 ए जैसे प्रावधानों ने जम्मू-कश्मीर को भारत से पृथक करने का प्रयास किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस वैचारिक विभाजन का डटकर विरोध किया। उनका स्पष्ट मत था कि ÷एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चल सकते।÷ यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि उनका जीवन दर्शन था। उन्होंने कहा था कि जब कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, तो वहाँ भी भारत के समान संविधान और शासन होना चाहिए। अपने इस सिद्धांत को सत्य सिद्ध करने के लिए उन्होंने अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया, वर्षों बाद उनका सपना साकार हुआ जब 2019 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 और 35 ए को निरस्त किया गया। यह कदम केवल एक संवैधानिक सुधार नहीं था, बल्कि यह भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करने का ऐतिहासिक संकल्प था। इस निर्णय के पीछे डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवाद की विचारधारा स्पष्ट रूप से झलकती है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय राजनीति में एक स्पष्ट और सशक्त राष्ट्रीय विचारधारा प्रस्तुत की। जब पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में वैचारिक प्रतिबद्धताएँ राष्ट्रहित से टकराने लगीं, तब उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया। यह केवल पद का त्याग नहीं था, बल्कि राष्ट्रहित के लिए एक साहसिक और कर्तत्व्यनिष्ठ कदम था। इसके बाद उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जो भविष्य में भारतीय जनता पार्टी के रूप में विकसित होकर देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बनी। डॉ. मुखर्जी का सबसे बड़ा संघर्ष जम्मू-कश्मीर की %परमिट प्रणाली% के खिलाफ था। यह व्यवस्था कश्मीर में भारतीय नागरिकों की स्वतंत्र आवाजाही को सीमित करती थी, जिससे भारत के अंदरूनी हिस्सों को एक-दूसरे से जोड़ना मुश्किल हो रहा था। 1953 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर की यात्रा करने का साहस दिखाया, जिसके पश्चात उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। श्रीनगर की जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु 23 जून 1953 को हुई। अत्यंत पीड़ादायक है कि न उन्हें समुचित चिकित्सा प्रदान की गई और न ही उनकी मौत की निष्पक्ष जांच की गई। उनकी माता श्रीमती योगमाया देवी ने इसे 'मेडिकल मर्डर' करार दिया, पर सत्ता तंत्र मौन रहा। डॉ. मुखर्जी का यह बलिदान व्यर्थ नहीं गया। उनके निधन के कुछ सप्ताहों के भीतर ही कश्मीर की परमिट प्रणाली समाप्त कर दी गई और धीरे-धीरे वह व्यवस्था बदली, जिसने देश के भीतर अलगाव और तनाव पैदा किया था। हालांकि कांग्रेस सरकारों ने दशकों तक उनकी चेतावनियों को नजरअंदाज किया, परन्तु उनकी विचारधारा आज भी भारतीय राष्ट्रवाद का आधार है। 2004 के बाद जब देश में कांग्रेस की सत्ता रही, तब जम्मू-कश्मीर को विशेष स्वायत्तता देने की बातें पुनः उठी। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 2010 में जम्मू-कश्मीर की स्वायत्तता की बात कहकर भारत की जनता के हितों के साथ खिलवाड़ किया।

## राशिफल

**मेष**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपको किसी विशेष व्यक्ति से धन लाभ होगा, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज महिलाओं को खुद के लिए समय मिलेगा, जिससे वो अपनी संगी-साथियों के साथ इंजॉय करेंगी। विद्यार्थियों के लिए आज अच्छा दिन है, उनको आज किसी टेस्ट में अच्छे अंक प्राप्त होंगे। शिक्षकों के लिए आज का दिन थोड़ा थकाने वाला रहेगा, उनको अपने काम के अतिरिक्त और भी किसी काम की जिम्मेदारी को पूरा करना होगा। आज आप बच्चों के साथ खूब इंजॉय करेंगे, उनको कुछ नया सिखाने का प्रयास करेंगे।

**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। आज आपके वो सारे काम बनेंगे जिनके लिए आप इतने दिनों से मेहनत कर रहे थे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में सुधार होगा, माता - पिता के आशीर्वाद से सब ठीक होगा। वकीलों के लिए आज अच्छा दिन है, किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सानिध्य में आप अच्छी प्रैक्टिस करेंगे। आज आपको स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं से राहत मिलेगी, जिससे आज आप खुद को बेहतर महसूस करेंगे। आज आपके घर पर विशेष आयोजन के लिए गुरुजनों का आगमन होगा।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहने वाला है। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, लेकिन परिश्रम की अधिकता बनी रहेगी। किसी जरुरी विषय के ऊपर आज आप जीवनसाथी के साथ चर्चा कर सकते है। आज आप किसी सामाजिक समारोह में शामिल होंगे। छात्रों को आज अपने सहपाठी का सहयोग मिलेगा, जिससे उनका छूटा हुआ काम पूरा हो जायेगा। आज ऑफिस में आपके बॉस किसी बड़े प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा करेंगे, जिसे पूरा करने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। आज आप माता - पिता को लेकर किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे। जो लोग घर से दूर रहते है, उनको आज घर जाने का मौका मिलेगा। शत्रु पक्ष से सावधान रहें, कुछ बातों को आज आप गुप्त रखें आपके लिए अच्छा रहेगा। अविवाहित व्यक्तियों को आज अच्छे रिश्ते का प्रस्ताव मिल सकता है, जल्द ही घर में मांगलिक कार्य होंगें। आज आप परिवार के साथ कहीं घूमने का प्लान बना सकते है। आज आप अपने जीवन से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण फैसले करेंगें। लंबे समय बाद आज आपकी मुलाकात किसी खास दोस्त से होगी, पुरानी यादें तरोताजा होंगी।

**सिंह**

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से धन लाभ होगा, भौतिक सुख की अधिकता बनी रहेगी। शादीशुदा रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी, बच्चों के साथ आज आप बढ़िया टाइम स्पेंड करेंगें। आज आपके घर में किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, जिससे परिवार में चहल - पहल बनी रहेगी। राजनीति से जुड़े हुए व्यक्तियों को आज कुछ उतार - चढ़ाव देखने को मिल सकता है। आज आपको किसी अजनबी व्यक्ति से मदद मिलने की संभावना है। आज आप बाहर का फास्टफूड न खाएं, जिससे आपको समस्या हो।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन साबित होने वाला है। आज आप अपने व्यापार को एक नये आयाम तक पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगें। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में ताल - मेल बना रहेगा। रोजगार की तलाश में भटक रहे व्यक्तियों को आज किसी अच्छी कम्पनी से ऑफर मिल सकता है। छात्रों को आज किसी अच्छे स्कूल कॉलेज में पढ़ने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे माता - पिता गर्व महसूस करेंगें। समाज में कार्यरत व्यक्तियों को आज असहाय बच्चों की मदद करने का मौका मिलेगा।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आप दोस्तों के साथ पार्टी करेंगें, घूमने भी जा सकते हैं। आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने का विचार कर सकते है, जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा। महिलाओं के लिए आज का दिन खास है, आज आप लोग अपने गृहकार्य से निवृत्त होकर कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगी। जो लोग विदेश में रह रहें हैं, उनको घर जाने का अवसर प्राप्त हो सकता है। आज आपकी किसी समस्या का हल मिलेगा, जिससे आपको ख़ुशी होगी।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको किसी व्यक्ति से धन लाभ होगा, आपका परिवारिक जीवन खुशनुमा बना रहेगा। विद्यार्थियों को आज शिक्षकों का सहयोग मिलेगा, जिससे वो अपनी पढ़ाई को और अच्छे से कर पाएंगें। आज किसी बात को लेकर जीवनसाथी के साथ डिस्कस हो सकता है। आज बच्चे आपके काम में हाथ बटाएंगे, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। जमीन - जायदाद को लेकर चल रहे विवाद में आज आप किसी नतीजे पर पहुंचेंगे।

**धनु**

आज आपका दिन मिला - जुला रहेगा। आज आपको व्यापारिक दृष्टि से बढ़िया धन लाभ होगा, लेकिन खर्च की अधिकता रहेगी। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बेहतर होंगे, रिश्ते में नयापन आएगा। लंबे समय से चल रही किसी समस्या से छुटकारा मिलेगा, जिससे मन का बोझ हल्का होगा। आज आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, खान - पान को लेकर कोताही न बरतें। आज बच्चे आपसे अपने मन की बात को शेयर करेंगें, आपको उनके साथ दोस्त जैसा व्यव्हार करना चाहिए। परिवारजनों से आज आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होने वाली है।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको अधिकतर कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में प्रसन्नता आएगी। आज आप घर के लिए भौतिक चीजों की खरीददारी करने मार्केट जायेंगें। जीवनसाथी के साथ आज आप सुकून के पल बितायेंगें, जो आपको ख़ुशी प्रदान करेंगें। पारिवारिक रिश्तों में खुशियां आएंगी, आप फैमली टूर प्लान कर सकते है। नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों के लिए आज थोड़ा हेक्टिक हो सकता है, क्योंकि नौकरी में परिवर्तन की संभावना बन रही है। छात्र आज किसी बड़े कोर्स को करने के लिए, विदेश जाने का प्लान बना सकते है।

**कुंभ**

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप दिनचर्या से जुड़े सारे काम समय रहतें निपटा लेंगे, जिससे आप बाकी के काम कर पाएंगे। शादीशुदा रिश्तों में ताल - मेल बना रहेगा, बच्चे आज आपको तंग नहीं करेंगे। कला जगत में संगीत से जुड़े लोगों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। महिलाओं के लिए आज का दिन खुशी से भरा रहेगा, आज आप अपने पैशन को आगे बढ़ाने का काम करेंगी। समाज में कार्यरत लोगों को आज वरिष्ठ व्यक्तियों के माध्यम से सम्मानित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। सोने -चांदी के व्यापार में अचानक धन लाभ होगा, भौतिक सुख में बढ़ोत्तरी होगी। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी, आज आप दोस्तों के साथ टूर पर जा सकते है। छात्रों को आज उनके सीनियर के मार्गदर्शन में पढ़ाई करने का मौका मिलेगा। आज आपको प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने का बढ़िया ऑफर मिलेगा, जिससे आपको दुगुना फायदा होगा। आज आप सामाजिक समारोह में शामिल होंगे, जंहा आपकी मुलाकात आपके परिचितों से होगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, जिससे आज आप खुद को बेहतर महसूस करेंगें। आज आपको किसी असहाय बच्चे की मदद करने का मौका मिलेगा, जिससे उसको एक नया जीवन मिलेगा।

## चातुर्मास में भगवान विष्णु एवं महादेव शिव की उपासना

(अंजनी सक्सेना-विभूति फीचर्स)

चातुर्मास यानि आषाढ शुक्ल एकादशी से कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी तक का समय सब पापों का नाश करने वाला है। स्कंदपुराण में कहा गया है कि इस अवधि में जो भी मनुष्य भगवान शिव अथवा विष्णु या दोनों को अपने हृदय में स्थापित करके अभेद बुद्धि से उनका चिंतन, स्मरण एवं उपासना करता है वह मनुष्य सब पाप कर्मों से मुक्त हो जाता है तथा उसके लिए अपना शत्रु भी अत्यंत प्रिय हो जाता है। चातुर्मास में भगवान विष्णु एवं महादेव शंकर का व्रत करने वाला मनुष्य उत्तम माना गया है। इस अवधि में भगवान विष्णु की शालग्राम स्वरूप ,भगवान शिव की नर्मदेश्वर स्वरूप और दोनों की संयुक्त रूप से हरिहर स्वरूप में आराधना करने का विधान है। चातुर्मास में भगवान श्री हरि विष्णु की एवं देवाधिदेव महादेव की भक्ति करना श्रेयस्कर माना गया है । चातुर्मास में स्नान का भी महत्व है। स्कंद पुराण के अनुसार चातुर्मास में नदी में स्नान करने वाले को सिद्धि प्राप्त होती है। झरने, तालाब या बावड़ी में स्नान करने वाले के हजारों पाप तत्काल नष्ट हो जाते हैं। जो मनुष्य चातुर्मास में पुष्कर, प्रयाग या किसी और महातीर्थ के जल में स्नान करता है उसके पुण्यों की संख्या में बढ़ोतरी होती है। नर्मदा नदी, सरस्वती नदी या समुद्र संगम में यदि कोई व्यक्ति चातुर्मास में एक दिन स्नान कर ले तो उसके समस्त पाप समाप्त हो जाते हैं। जो व्यक्ति चातुर्मास में नियम से एकाग्रचित्त होकर तीन दिन भी नर्मदा स्नान कर लेता है तो उसके पाप के हजारों लाखों टुकड़े हो जाते हैं। जो मनुष्य सूर्योदय के समय चातुर्मास में पंद्रह दिन निरंतर गोदावरी नदी में स्नान करता है वह इस लोक में सारे सुख पाकर भगवान विष्णु के धाम जाता है। जो मनुष्य तीर्थस्थल न जा सके वह भी यदि तिल एवं आंवला मिश्रित जल या फिर जल में बिल्व पत्र डालकर स्नान करें तो उनके भी समस्त पापों का शमन हो जाता है। बिना स्नान के इस अवधि में कोई कार्य नहीं करना चाहिए। बिना स्नान किए जो भी पुण्य कर्म एवं शुभकर्म किए जाते हैं वे निष्फल हो जाते हैं। ऐसे में किए गए सभी पुण्य कार्यों का फल राक्षसों द्वारा ग्रहण कर लिया जाता है। चातुर्मास में स्नान के अंत में



भगवान श्री हरि का स्मरण करके पित्रों का तर्पण करने से अनंत फल की प्राप्ति होती है। पित्र तर्पण के बाद षोडशोपचार से भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। भगवान के शयन करने पर उनकी षोडशोपचार पूजा महातप के समान मानी जाती है। भगवान विष्णु की प्रतिमा या शालग्राम शिला स्थापित कर के यजुर्वेद के सोलह ऋचाओं वाले महासूक्त पुरुषसूक्त की प्रथम ऋचा÷सहस्त्राशीर्षा पुरुष÷मंत्र के आदि में ऊंकार जोड़कर भगवान श्री हरि का आवाहन किया जाता है। दूसरी ऋचा 'पुरुष एवेदम्' से श्री हरि को आसन समर्पित किया जाता है। तीसरी ऋचा से पाद्य, चौथी ऋचा से अर्घ्य, पांचवी ऋचा से आचमन, छठी ऋचा से स्नान कराकर पुनः आचमन करना चाहिए। सातवीं ऋचा से भगवान श्री हरि को वस्त्र, आठवीं से यज्ञोपवीत, नौवीं ऋचा से चंदन, दसवीं से पुष्प, ग्यारहवीं से भगवान श्री हरि को धूप अर्पित करना चाहिए। चातुर्मास में भगवान श्री हरि को कपूर, चंदन दल, मिश्री, मधु (शहद) और जटामासी से युक्त अगरु की धूप अर्पित करना चाहिए। बारहवीं ऋचा से भगवान श्री हरि को दीपदान करना चाहिए। चातुर्मास में जो मनुष्य भगवान विष्णु के आगे दीपदान करता है उसके सारे पाप क्षणभर में जलकर भस्म हो जाते है। दीपदान के बाद तेरहवीं ऋचा के साथ भगवान विष्णु को अन्न युक्त नैवेद्य अर्पित करना चाहिए। चौदहवीं ऋचा से आरती करके पंद्रहवी ऋचा द्वारा ब्राह्मणों के साथ भगवान के चारों ओर घूमकर परिक्रमा करनी चाहिए। अंत में सोलहवीं ऋचा द्वारा भगवान विष्णु के साथ अपनी एकता का चिंतन करना चाहिए। स्कंद पुराण के अनुसार एक बार भगवान शिव ने अपने भक्तों के सामने परम अद्भुत रूप धारण कर लिया 7 उनका यह रूप हरिहर स्वरूप था। वे आधे शरीर से शिव और आधे शरीर से विष्णु हो गये। उनके एक ओर भगवान विष्णु के चिन्ह तथा दूसरी ओर भगवान शंकर के चिन्ह दिखाई देने लगे। विष्णु के चिन्ह की ओर वाले शरीर के पास गरुड़ और महादेव के चिन्ह वाले शरीर के पास नन्दी (वृषभ) विराजित थे। एक ओर बादलों के समान श्याम वर्ण तो दूसरी ओर कर्पूर की भाँति गौर वर्ण दृश्यमान था। भगवान श्री हरि विष्णु और देवाधिदेव महादेव एक ही शरीर में समाविष्ट होकर दिखाई देने लगे और मन्दराचल पर्वत पर हरिहर स्वरूप में प्रतिष्ठापित हो गए। चातुर्मास में इस हरिहर मूर्ति का स्मरण मात्र करने से मनुष्य का कल्याण हो जाता है। जिस प्रकार गण्डकी नदी में भगवान विष्णु शालग्राम रूप में मिलते हैं उसी प्रकारा नर्मदा नदी में भगवान महादेव नर्मदेश्वर के रूप में विराजमान हैं। ये दोनों स्वयं प्रकट होते हैं। स्वयं देवाधिदेव महादेव ने माता पार्वती से चातुर्मास में ÷नमो भगवते वासुदेवाय÷ मंत्र का जप करने की प्रेरणा दी। माता पार्वती ने हिमालय के सुंदर शिखर पर चातुर्मास तपस्या के लिए प्रस्थान किया, तब महादेव जी पृथ्वी पर विचरण करने लगे । यमुना जी के जल में स्नान करके महादेव जी ने यमुना जी को वरदान दिया कि उनके पुण्य तीर्थ में स्नान करने वाले के सहस्त्रों पाप क्षण भर में नष्ट हो जाएंगे और वह स्थान हर तीर्थ के नाम से प्रसिद्ध होगा।वरदान देकर देवाधिदेव महादेव हाथ में वाद्य यंत्र , शिखर पर जटा और ललाट में त्रिपुण्ड धारण करके गीत गाते और नाचते चले जा रहे थे । इस पर मुनियों ने क्रोधित होकर महादेव जी को लिंगरूप में होने का श्राप दे दिया। भगवान शंकर का यह रूप अमरकंटक में पर्वत के रूप में प्रकट हुआ। यहीं से नर्मदा नदी निकली।

स्कंद पुराण के अनुसार नर्मदा में स्नान करके, उसका जल पीकर और उसके जल से पित्रों का तर्पण करके मनुष्य इस पृथ्वी पर दुर्लभ कामनाओं को भी प्राप्त कर लेता है। जो मनुष्य नर्मदा में स्थित शिवलिंगो का पूजन करेंगे वे स्वयं शिवस्वरूप हो जाएंगे। विशेष रूप से चातुर्मास में शिवलिंग की पूजा महान फल देने वाली है। चातुर्मास में रुद्रमंत्र का जाप, शिव की पूजा, और शिव में अनुराग विशेष रूप से फलदायी है। जो मनुष्य चतुर्मास में पंचामृत से भगवान शिव को स्नान कराते है उन्हें गर्भ की वेदना सहन नहीं करना पड़ती। जो शिवलिंग के मस्तक पर मधु (शहद) से अभिषेक करेंगें उनके सहस्त्रों दुख तत्काल नष्ट हो जाएंगे। जो दीपदान करेंगे वे शिवलोक जाएंगे। जो जलधारा से युक्त नर्मदेश्वर महालिंग का चातुर्मास में विधिपूर्वक पूजन करता है, वह शिवस्वरूप हो जाता है।

स्कंद पुराण के अनुसार स्वयं ऋषि गालव जी ने कहा है कि चातुर्मास में शिव और विष्णु दोनों की भक्तिपूर्वक पूजन करना चाहिए जो शालग्राम रूपी हरि और नर्मदेश्वर रूप में हर (शिव) की पूजा करते है भगवान श्री हरि उन्हें मोक्ष प्रदान करते हैं।

# समूह नल-जल योजना में पाइपलाइन बिछाने की हर सप्ताह रिपोर्ट दें - कमिश्नर

## हर घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य तय समय सीमा में पूरा करें - कमिश्नर




**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि हर घर में नल से जल पहुंचाने की प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना के निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराएं। निर्माण एजेंसियों के कार्यों की प्रगति की नियमित रिपोर्ट दें। पाइपलाइन बिछाने के कार्य की हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। निर्धारित समय सीमा के अनुसार कार्यों की प्रगति धीमी है। संभाग के पाँच जिलों को पेयजल की आपूर्ति करने वाली बाणसागर बांध पर आधारित तीन बड़ी समूह नल-जल योजनाओं का कार्य तेजी से करें। इन सबका कार्य इस वर्ष मार्च माह तक पूरा हो रहा था। इन्हें एक वर्ष का अतिरिक्त समय दिया गया है। समूह नल-जल योजनाओं के बड़े निर्माण कार्य दिसम्बर माह तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं। निर्माण कार्य में किसी भी तरह की बाधा आने पर तत्काल अवगत कराएं। कमिश्नर ने कहा कि जल जीवन मिशन से हर घर में नल से जल पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इससे जुड़े निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा कराएं। घरों में नल कनेक्शन की प्रगति की भी हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिन गांवों में पानी की आपूर्ति की जा रही है वहाँ निर्धारित की गई जल कर की राशि भी ग्राम पंचायत के सहयोग से एकत्रित करें। इन गांवों में भी जल उपभोक्ताओं से सतत संवाद रखें। पानी की आपूर्ति के संबंध में किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर उसे तत्काल दूर कराएं। समूह नल-जल योजनाओं के कार्यों में सहयोग के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं की भी सेवाएं ली जा रही हैं। इनके माध्यम से लोगों को नल-जल योजनाओं के संचालन, संधारण, जल कर की वसूली आदि के संबंध में जागरूक करें। नल-जल योजना के पानी का दुरूपयोग भी नहीं होना चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सतना बाणसागर तथा सीधी बाणसागर समूह नल-जल योजना में जल शोधन संयंत्र का कार्य 15 सितम्बर तक पूरा कराएं। कंदैला समूह नल-जल योजना में पेयजल की आपूर्ति के साथ नल-जल योजना ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर करें। सीधी गुलाबसागर समूह नल-जल योजना से 323 गांवों में पेयजल की आपूर्ति होगी। इसमें संजय टाईगर रिजर्व के क्षेत्र में वन विभाग से अनुमति प्राप्त होने के बाद कार्य होगा लेकिन शेष क्षेत्र में तेजी से कार्य कराएं। इससे जुड़े सभी निर्माण कार्य जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से पूरा करें। बैठक में कमिश्नर ने सिंगरौली जिले की गोड़-देवसर समूह नल-जल योजना, सतना बाणसागर एक और बाणसागर दो समूह नल-जल योजना तथा रीवा बाणसागर समूह नल-जल योजना की बिन्दुवार समीक्षा की। कमिश्नर ने आगामी समीक्षा बैठक में निर्माण एजेंसियों को भी उपस्थित कराने के निर्देश दिए। बैठक में पाइपलाइन बिछाने, टंकियों के निर्माण, डब्ल्यूटीपी निर्माण तथा इंटेक वेल निर्माण की समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, जल जीवन मिशन के जिला प्रबंधक रीवा चित्रांशु, जिला प्रबंधक सीधी नीरव अग्रवाल, जिला प्रबंधक सतना विवेक कुमार, जिला प्रबंधक सिंगरौली पंकज बाधवानी, सहायक प्रबंधक नीतेश सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कमिश्नर करेंगे स्वास्थ्य तथा महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद 16 जुलाई को कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक सुबह 11 बजे आरंभ होगी। संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# कमिश्नर 14 जुलाई को करेंगे निर्माण कार्यो की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद 14 जुलाई को सुबह 11 बजे से संभागीय बैठक में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में लोक निर्माण विभाग, पीआईयू तथा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में अति वर्षा तथा बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# जिले में अब तक 155.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में एक जून से अब तक 155.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक तहसील हुजूर में 171.6 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 120.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 234 मिलीमीटर, सिरमौर में 216.2 मिलीमीटर, त्योंथर में 67 मिलीमीटर, सेमरिया में 171 मिलीमीटर, मनगवां में 146 मिलीमीटर तथा जवा में 117 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी। गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 76.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी।

# मऊगंज जिले में अब तक 432 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**मऊगंज।** मऊगंज जिले में एक जून से अब तक 432 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। जिले में 5 जुलाई को 24 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस दिन तहसील मऊगंज में 20 मिलीमीटर, हनुमना में 28 मिलीमीटर तथा नईगढ़ी में 24 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि एक जून से अब तक तहसील मऊगंज में 272.2 मिलीमीटर, हनुमना में 562.3 मिलीमीटर तथा नईगढ़ी में 461.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 154.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की सामान्य औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

# एकल नल-जल योजनाओं से नल कनेक्शन का लक्ष्य दिसम्बर तक पूरा करें - कमिश्नर

## कार्य योजना में बसाहटों को छोड़ने वाले अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय होगी - कमिश्नर



**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि एकल नल-जल योजनाओं का कार्य पूरा होते ही उन्हें ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर करें। इन योजनाओं में जहाँ समूह नल-जल योजना से पानी मिलेगा वहाँ पर टंकी तथा पाइपलाइन का निर्माण पूरा कराकर पानी के वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। एकल नल-जल योजनाओं का निर्माण कार्य पूरा कराकर निर्धारित लक्ष्य अनुसार सभी घरों में दिसम्बर माह तक नल कनेक्शन अनिवार्य रूप से कराएं। नल-जल योजनाओं के निर्माण के लिए वर्ष 2019 में किए गए सर्वे में कई बसाहटों को छोड़ दिया गया। जिसके कारण अधिकांश गांवों की कार्ययोजना को रिवाइज किया जा रहा है। जिन अधिकारियों ने सर्वे कार्य में लापरवाही बरतकर बसाहटों को नल-जल योजना के लाभ से वंचित किया उन पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि रीवा जिले में 133, सतना जिले में 56, मऊगंज जिले में 125, सिंगरौली जिले में 116 तथा सीधी जिले में 132 गांवों की नल-जल योजनाओं को रिवाइज किया गया है। इनके टेण्डर तत्काल लगाकर कार्य शुरू कराएं। जो निर्माण एजेंसी कार्य में लापरवाही बरत रही है उसे ब्लैकलिस्टेड करने के साथ कार्य से हटाएं।

नए टेण्डर में भी लापरवाह निर्माण एजेंसियों को अवसर न दें। पूर्ण नल-जल योजनाओं को हैण्डओवर करने की कार्यवाही करें। पुनरीक्षित कार्यों के टेण्डर की कार्यवाही सात दिवस में पूरी करें। बैठक में कार्यपालन यंत्री संजय पाण्डेय ने बताया कि जिन नल-जल योजनाओं में टंकी का निर्माण होना है उन्हें छ: माह में और जिनमें टंकी का निर्माण नहीं होना है उनमें तीन माह में पूरा कर लिया जाएगा। सभी कार्यों के टेण्डर की तैयारी कर ली गई है। संभाग में वर्तमान में संचालित 1461 एकल नल-जल योजनाओं से 4 लाख 600 घरों में नल कनेक्शन का लक्ष्य रखा गया है। अब तक पूर्ण नल-जल योजनाओं से 3 लाख 6 हजार 626 नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। दिसम्बर माह तक शेष नल कनेक्शन का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री सिंगरौली त्रिलोक सिंह बरकड़े, मेकेनिकल रीवा बीएल कनेल, मेकेनिकल सतना ज्योति तिवारी, कार्यपालन यंत्री सतना श्वेतांक तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुबह सोकर उठते ही भूलकर भी ना करें ये पांच काम, हो सकता है खतरनाक, समय रहते जान लें वरना...

दिनभर एनर्जेटिक बने रहने के लिए यह जानना जरूरी है कि सुबह उठने के बाद आप क्या करते हैं, ताकि आप स्वस्थ रह सकें. विशेषज्ञों का कहना है कि सुबह की कुछ गलतियां आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती हैं. इसलिए सुबह उठने के बाद आपको कुछ गलतियां करने से बचना चाहिए. अगर आप इन गलतियों को सुधार लें तो आप एक अच्छी जीवनशैली अपना सकते हैं और दिनभर एनर्जेटिक बने रह सकते हैं...

**सुबह उठते समय आपको कौन सी गलतियां नहीं करनी चाहिए?**

पीठ को मोड़ना: कुछ लोग सुबह उठते समय अपनी पीठ को मोड़कर उठते हैं. हालांकि, इस तरह से उठने से मांसपेशियों में दर्द होने की संभावना होती है. इसलिए सुबह उठते समय दाईं ओर और धीरे-धीरे उठना बेहतर होता है. इससे शरीर के उन हिस्सों में रक्त संचार बेहतर होता है जो रात भर निष्क्रिय रहे हैं और परिणामस्वरूप आप पूरे दिन एनर्जेटिक रहेंगे। चिंता: कुछ लोग सुबह जल्दी उठ जाते हैं लेकिन ऑफिस के काम और समय पर पहुंचने की चिंता में रहते हैं. हालांकि, ऐसा करने से मानसिक तनाव हो सकता है. इन चिंताओं को दूर करने के लिए आपको रात को खाना बनाने की तैयारी कर लेनी चाहिए और सुबह ऑफिस जाने के लिए कपड़ों का चयन करना चाहिए, ऐसा करने से आप अगली सुबह बिना किसी तनाव के शांति से उठ पाएंगे और अपना काम जल्दी से जल्दी पूरा कर पाएंगे। नाश्ता न करना: एक अध्ययन के अनुसार , कुछ लोग समय की कमी के कारण नाश्ता छोड़ देते हैं, जो हानिकारक हो सकता है. लेकिन यह आदत प्रतिरक्षा प्रणाली पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, मोटापे और डायबिटीज जैसी समस्याओं को जन्म दे सकती है. इसलिए नाश्ता न छोड़ें. नाश्ता छोड़ने से कमर की परिधि और बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) दोनों पर अधिक प्रभाव पड़ता है। सुबह उठते ही मोबाइल फोन चलाना : कई लोग सुबह उठते ही मोबाइल फोन चलाने लगते हैं. ऐसा करना नुकसानदायक हो सकता है. सुबह उठते ही मोबाइल फोन चलाने से आप कई गलत खबरें देख सकते हैं, जिससे आपका मूड खराब हो सकता है, जो आपकी सेहत के लिए ठीक नहीं है. इसलिए सुबह उठते ही मोबाइल फोन न चलाएं, जब तक कि कोई इमरजेंसी कॉल या मैसेज न हो. इसके अलावा सुबह उठते ही कुछ देर कोई अच्छी किताब पढ़ने की आदत डालना बेहतर है, क्योंकि इससे आपको कई नई चीजें सीखने में मदद मिल सकती है। एक्सरसाइज की कमी: सुबह एक्सरसाइज करने से पूरे दिन के लिए जरूरी एनर्जी और प्रेरणा मिलती है. हालांकि, आलस्य के कारण लोग एक्सरसाइज नहीं करते. इसके साथ ही कुछ लोग सुबह उठते ही वजन उठाना और भारी व्यायाम करना शुरू कर देते हैं. इससे मांसपेशियों की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है. नींद के दौरान शरीर में हरकत न होने की वजह से सुबह उठने पर मांसपेशियां और हड्डियां अकड़ जाती हैं. इसलिए मांसपेशियों और हड्डियों को एक साथ न हिलाएं, एक साथ वजन न उठाएं या भारी एक्सरसाइज न करें. इसके बजाय, एक्सरसाइज, योग या ध्यान करने से पहले धीरे-धीरे चलने और थोड़ी देर वार्मअप करने की कोशिश करना बेहतर है।



## संक्षिप्त समाचार

### भारत में हर घंटे 60 अतिरिक्त उड़ानें जुड़ी और हर 40 दिन में एक नया हवाई अड्डा बना : नागरिक उड्डयन मंत्री

**नई दिल्ली ,ए.।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि हर 40 दिन में एक नए हवाई अड्डे के साथ देश में मात्र 10 वर्षों में 88 नए हवाई अड्डे बने हैं और हर घंटे 60 अतिरिक्त उड़ानें जुड़ी हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, आज भारत में उड़ान भरना अधिक सुलभ और किफायती हो चुका है। केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारतीय आकाश अधिक जुड़ा हुआ, प्रतिस्पर्धी और सहयोगात्मक है। उन्होंने समावेशी विमानन विकास को प्राप्त करने के लिए सहयोगात्मक, राज्य-विशिष्ट रणनीतियों के लिए मंत्रालय की प्रतिबद्धता दोहराई। नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा आयोजित उत्तर क्षेत्र नागरिक उड्डयन मंत्रियों का सम्मेलन 2025 में केंद्रीय मंत्री ने कहा, इस रणनीतिक पहल के माध्यम से हमारा उद्देश्य क्षेत्रीय अवसरों की पहचान करना और टियर 2 और 3 श्रेणी के शहरों की अपार क्षमता को साकार करना है। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिक उड्डयन क्षेत्र राज्य में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, पर्यटन और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में हो रही प्रगति की सराहना की और राज्य की पहाड़ी भू-भागों में हेलीकॉप्टर संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की महत्ता को रेखांकित किया, जिसके लिए राज्य सरकार और मंत्रालय दोनों प्रतिबद्ध हैं। मंत्रालय द्वारा विमानन क्षेत्र में राज्यों के लिए अवसरों पर कई प्रस्तुतियां दी गईं। मंत्रालय द्वारा राज्यों के लिए उपलब्ध अवसरों पर प्रस्तुतियों के बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू के नेतृत्व में राज्य सरकारों के प्रतिनिधिमंडलों और मंत्रालय के अधिकारियों के मध्य बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों के साथ राज्यों को अपनी आवश्यकताओं और सुझावों को सीधे मंत्रालय के समक्ष रखने का अवसर मिला। साथ ही, राज्य सरकारों ने विमानन उद्योग के प्रमुख हितधारकों (एयरलाइंस, ओईएमएस, एफटीओएस, एमआरओएस, एएआई, पीएचएल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों) से भी सीधे चर्चा की। सम्मेलन के अंत में आयोजित प्लेनरी सेशन ने पूरे दिन हुई चर्चाओं और निष्कर्षों का समावेश करते हुए एक समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। केंद्रीय मंत्री नायडू ने उत्तर क्षेत्र के लिए मंत्रालय की रणनीतिक प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला, जिसमें हेलीपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, उड़ान मार्गों का विस्तार, फ्लाइंग ट्रेनिंग संस्थानों और एमआरओ हब्स को सुदृढ़ करना और केंद्र-राज्य-उद्योग के बीच समन्वय बढ़ाना शामिल था।

### भारत ने दिखाया है कि कैसे पैमाना और गति एक साथ चल सकते हैं : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**रियो डी जेनेरियो ,ए.।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जोर देकर कहा कि भारत एक अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्था और वैश्विक स्तर पर प्रभाव पैदा करने वाले देश के रूप में अपनी दोहरी भूमिका के साथ न केवल अपने लिए बल्कि अपनी आकांक्षाओं को साझा करने वाले सभी लोगों के लिए परिवर्तन का नेतृत्व करते हुए मजबूत स्थिति में है। आधिकारिक यात्रा के दौरान 'चैलेंजेस फॉर फाइनेंसिंग सस्टेनेबल डेवलपमेंट फॉर द ग्लोबल साउथ' विषय पर फ्लैगशिप 'गवर्नर्स सेमिनार' को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि ग्लोबल साउथ में सस्टेनेबल डेवलपमेंट को वित्तपोषित करना केवल धन जुटाने के बारे में नहीं है, यह निष्पक्षता, विश्वास और नेतृत्व का निर्माण करने से भी जुड़ा है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा, भारत के लिए, लाखों लोगों के लिए आवास, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आजीविका तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विकास में तेजी लाना आवश्यक है। साथ ही, हीटवेव, वॉटर स्ट्रेस और एक्ट्रीम वेदर की घटनाओं जैसे जलवायु संबंधी जोखिम भी बढ़ रहे हैं।

# 400 प्लस रन बनाने के बावजूद इंग्लैंड के नाम जुड़ा ये शर्मनाक रिकॉर्ड

## -सिराज-आकाश ने रचा इतिहास



**बर्मिंघम,ए.।** भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी 407 रनों पर सिमट गई. जिसकी वजह से भारत को पहली पारी के आधार पर 180 रनों की बड़ी बढ़त हासिल हो गई. भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाए थे. तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने अपनी दूसरी पारी में एक विकेट खोकर 64 रन बना लिए हैं. जिसके साथ उसकी कुल लीड 244 रनों की हो गई है. केएल राहुल 28 और करुण नायर 7 बनाकर खेल रहे हैं. जायसवाल 22 गेंद पर 28 रन बनाकर पवेलियन लौट गए, लेकिन उन्होंने वीरेंद्र सहवाग और राहुल द्रविड़ के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली. जायसवाल अब इन दो महान बल्लेबाज के साथ भारत के तीसरे सबसे तेज 2000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए है. उन्होंने ये उपलब्धि 40 पारियों में हासिल की. इंग्लैंड की पहली पारी में केवल पांच बल्लेबाज ही अपना खाता खोल सके. उसमें से दो बल्लेबाजों ने 407 के टोटल स्कोर में से 300 से ज्यादा रन बनाए. जिसमें हैरी ब्रूक के 158 और विकेटकीपर जेमी स्मिथ के नाबाद 185 रन शामिल थे. इसके अलावा 6 बल्लेबाज अपना खाता भी नहीं खोल सके. जिसकी वजह से मेजबान टीम के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड जुड़ गया और वो टेस्ट इतिहास में 400 से अधिक रन बनाने के बावजूद अपने 6 बल्लेबाजों को शून्य पर खोने वाली पहली टीम बन गई. मेन गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के टीम से बाहर होने के बावजूद भारतीय तेज गेंदबाजों ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में शानदार गेंदबाजी की. खास तौर पर मोहम्मद सिराज और अकाश दीप ने इंग्लैंड टीम को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया. दोनों ने पूरे 10 विकेट चटकाए. सिराज 6 तो आकाश 4 विकेट लेने में कामयाब रहे. इस के साथ ये दोनों तेज गेंदबाज एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले चौथे भारतीय सलामी गेंदबाज बन गए है. इससे पहले ये कारनामा 1981 में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कपिल देव (5 विकेट) और करसन घावरी (5 विकेट) ने किया था. उसके बाद 1981 में हीं मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ कपिल देव (5) और मदन लाल (5) ने किया, फिर 1983 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में कपिल देव (9) और बलविंदर संधू (1) ने किया और अब 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ आकाशदीप (4) और मोहम्मद सिराज (6) ने किया।

# भारत 153 देशों को निर्यात करता है खिलौने, सरकार एक और प्रोत्साहन योजना लाने की तैयारी में : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली ,ए.।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत का खिलौना उद्योग, जो कभी आयात पर बहुत अधिक निर्भर था, अब घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग कर रहा है और 153 देशों को निर्यात कर रहा है। 16वें 'टॉय बिज इंटरनेशनल बी2बी एक्सपो 2025' को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि यह बदलाव लगातार नीतिगत समर्थन, गुणवत्ता मानकों के प्रवर्तन और लोकल मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर को मजबूत करने के माध्यम से संभव हुआ है।

उन्होंने कहा कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) के कार्यान्वयन ने भारत को गुणवत्ता के प्रति जागरूक देश बनाने में मदद की है और घरेलू खिलौना निर्माताओं को वैश्विक मानदंडों को पूरा करने में सक्षम बनाया है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि भारत की 1.4 बिलियन की आबादी एक विशाल कैप्टिव बाजार प्रदान करती है, जो मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने के लिए एक स्वाभाविक लाभ पैदा करती है। इस पैमाने के साथ, उद्योग लागत दक्षता प्राप्त कर सकता है और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बन सकता है। उन्होंने कहा कि बड़ा घरेलू बाजार न केवल विस्तार का समर्थन करता है बल्कि अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए आधार का काम भी करता है। उन्होंने बताया कि सरकार खिलौना क्षेत्र के लिए एक नई प्रोत्साहन योजना शुरू करने की तैयारी में है। इस योजना का उद्देश्य भारतीय खिलौना निर्माताओं की डिजाइन क्षमताओं को बढ़ाकर, गुणवत्तापूर्ण मैन्युफैक्चरिंग सुनिश्चित कर, पैकेजिंग मजबूत कर और ब्रांड निर्माण को समर्थन देकर उन्हें विश्व स्तरीय बनने में मदद करना है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने वैश्विक बाजार में आगे आने के लिए उद्योग को अच्छी ब्रांडिंग, आकर्षक पैकेजिंग और मजबूत उत्पाद डिजाइन पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर इन तीन पहलुओं को प्राथमिकता दी जाती है तो भारतीय खिलौने अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत अपील हासिल कर सकते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल' पहल की शुरुआत की थी तो कई लोगों ने इसे संदेह के साथ देखा था, क्योंकि विदेशी उत्पाद उपभोक्ता की पसंद पर हावी थे। हालांकि, 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन और इस विश्वास के तहत कि स्थानीय वैश्विक हो सकता है, घरेलू उद्योगों के लिए जागरूकता और समर्थन लगातार बढ़ा है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि खिलौनों की इनोवेटिव अवधारणाएं विकसित करने वाले स्टार्टअप्स को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से महत्वपूर्ण समर्थन मिला है, जिसे अब 20 वर्ष तक बढ़ा दिया गया है।

# पैट कमिंस ने पकड़ा एक हाथ से हैरतअंगेज कैच, वीडियो देख हैरान हुआ वर्ल्ड क्रिकेट



**नईदिल्ली,ए.।** वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मैच ग्रेनेडा के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है. दूसरे दिन के समाप्त तक मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 12 रन के स्कोर पर 2 विकेट खो दिए है. पहली पारी में कंगारुओं ने 286 रन बनाए थे जबकि मेजबान टीम वेस्टइंडीज की पहली पारी 253 रनों पर सिमट गई थी. जिससे ऑस्ट्रेलिया को 33 रनों की लीड मिल गई. खेल के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने शानदार फील्डिंग का प्रदर्शन किया, और एक हाथ से डाइविंग करते हुए हैरतअंगेज कैच पकड़कर सबको हैरान कर दिया. कैच की एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है. जहां हर कोई 32 वर्षीय खिलाड़ी की तारीफ कर रहा है और असंभव कैच को संभव में बलने पर हैरान भी हो रहे हैं. कमिंस ने ये कैच दूसरे दिन सुबह के 9वें ओवर में अपनी ही गेंद पर लिया था, जब उन्होंने एक अच्छी लेंथ वाली गेंद फेंकी, जिसे वेस्टइंडीज के दाएं हाथ बल्लेबाज केसी कार्टी अच्छे से खेल नहीं सके और गेंद बैट का अंदरूनी किनारा लेकर वहीं विकेट के पास शॉर्ट स्क्वायर पर उछल गई. जिसको कमिंस दौड़ते हुए अपनी दाईं ओर पूरी लंबाई में डाइव लगाते हुए जमीन से कुछ इंच ऊपर एक हाथ से कैच पकड़कर असंभव को संभव में बदल दिया. कमिंस के शानदार कैच को यहां देख सकते हैं. मैच की बात करें तो वेस्टइंडीज की पहली पारी में 253 रनों पर सिमट गई. ऑस्ट्रेलिया ने जितने गेंदबाजों का इस्तेमाल किया उन सभी ने विकेट निकाले. लेकिन नाथन लियोन 3/75 सबसे सफल गेंदबाजों रहे. जबकि ब्रैंडन किंग ने 108 गेंदों पर 75 रनों की पारी खेलकर वेस्टइंडीज की पहली पारी का नेतृत्व किया. वहीं ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी एलेक्स कैरी (63) और ब्यू वेबस्टर (60) की वजह से 286 रन बना सकी. वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ ने चार विकेट लेकर प्रभावित किया। मैच के अभी तीन दिन बचे हैं और ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी शुरू हो गई है जिसमें उन्होंने 2 विकेट पर 12 रन बना लिए हैं, जिसेस उनकी कुल बढ़त 45 रनों की हो गई है और उनके 8 विकेट अभी भी शेष हैं. अगर मेहमान टीम इस मैच को भी जीत जाती है तो वो सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना लेगी, क्योंकि पहले टेस्ट में मेजबान टीम को हार का सामना करना पड़ा था।

# ब्लॉक जखौरा के ग्राम ककरूआ में दबंगो का आतंक

## (गुंडई के बल पर कर रहे हैं जमीन पर अतिक्रमण)

## पुलिस द्वारा कार्यवाही में शिथिलता का कारण क्या ?




**ककरूआ (ललितपुर)-** महन्त योगी आदित्यनाथ बार-बार कह रहे हैं कि भू माफियाओं पर एवं सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। 24 घंटे के अन्दर दंबगो के कब्जे से जमीन मुक्त कराकर पीडित को दी जायेगी। उ0प्र0 को गुंडा राज से मुक्ति दिलायी जायेगी लेकिन ग्राम ककरूआ में पिछडी जाति के दबंगो द्वारा एक गरीब की जमीन पर लंबे समय से कब्जा/अतिक्रमण कर लिया गया है। पीडित ने जब अपनी जमीन को छोडने की बात कही तो मरने मारने को आमादा हो गये। आखिर पुलिस कार्यवाही करने से क्यों घबडा रही है यह चिन्तनीय है।

मुख्यालय से करीब 6 किमी0 दूरी पर स्थित थाना कोतवाली के अन्तर्गत आने वाले ग्राम ककरूआ में सुखनन्दन, हरचरन, वीरन पुत्रगण स्व0 दयाराम श्रीमती गेंदारानी पत्नी स्व0 दयाराम का परिवार निवास करता है जो कि कृषि कार्य करके अपना बच्चों का भरण पोषण करता चला आ रहा है। कि उसी के समीप एक दबंग एवं गुंडा किस्म का परिवार निवास करता है जिसकी औरतें भी मरने मारने को तैयार हो जाती है लंबे समय से जमीन पर लकडी कंडे आदि को रखकर अतिक्रमण कब्जा कर लिया है एकराय होकर पीडित के परिवार को लाठी, डंडा, कुल्हाडी इत्यादि लेकर आ गये थे तथा कहने लगे थे कि अहीर की लाठी में बहुत दम होता है आज स0पा0 की सरकार नहीं है तो क्या हुआ लेकिन अहीर की लाठी तो बरकरार है एवं स0पा0 सरकार में भू-माफिया रहे तथा काफी आतंक फेलाते हैं इनके पास बाहर से गुंडे किस्म के व्यक्ति आते हैं जिनके बलबूत पर यह किसी भी घटना को अंजाम दे सकते हैं। मेरा परिवार काफी डरा हुआ एवं भयभीत है मेरे परिवार को पूर्ण आशंका है कि कभी भी उपरोक्त के द्वारा किसी बडी घटना को अंजाम दिया जा सकता है। आराजी सं0- 581 जो कि ग्राम ककरूआ तह0 व जिला ललितपुर की नाप कराने तथा अतिक्रमण को उकत व्यक्तियों से हटाने राजस्व कर्मचारियों एवं पुलिस टीम की उपस्थिति में नाप करायी जाये तो सच्चाई सामने आ जायेगी क्योंकि स0पा0का इन्हें भरोसा है भाजपा की सरकार कुछ ही दिनों की मेहमान है और उसके जाने के बाद लबे समय तक वापिस आने का इंतजार करना होगा। पीडित ने पत्र में यह भी लिखा है कि यदि दबंगो के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत नहीं होता है और पीडित एवं उनके परिवारजनों के साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसके लिये उपरोक्त पूर्णतः दोषी माने जावें क्योंकि पीडित दबंगो के आतंक से भयभीत है और उसके साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना के धटित होने से भी नहीं रोका जा सकता है।

पुलिस कप्तान मु0 मुश्ताक से पीडित मांग करता है कि आप अपने स्तर से उचित एवं वैधानिक कार्यवाही करते हुये दंबगो से उसकी जमीन को खाली कराने हेतु अपने अधीनस्थ को आदेश देने का कष्ट करें ताकि मैं अपने परिवार को कृषि कार्य करके भरण पोषण कर सकूं। पत्र पर सुखनन्दन, हरचरन, वीरन पुत्रगण स्व0 दयाराम श्रीमती गेंदारानी पत्नी स्व0 दयाराम के हस्ताक्षर बतलाये गये हैं।

# सुपर मार्केट में जामुन के किसानों ने मचायी गन्दगी

## यहां-वहां पड़े कचरे से व्यापारी परेशान, डीएम को भेजा ज्ञापन



**ललितपुर।** सुपर मार्केट में गंदगी व बदबूदार माहौल से मुक्ति दिलाए जाने की मांग को लेकर व्यापारियों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। बताया कि सुपर मार्केट में गंदगी का साम्राज्य स्थापित हो चुका है जगह-जगह फल सब्जी जामुन के ढेर लगे हुए हैं, जिससे मार्केट में बैठने वाले दुकानदारों को बहुत बदबू आ रही है, बैठना दूभर हो गया है। बदबू और गंदगी के कारण संक्रामक रोग फैलने की आशंका है। इस संबंध में ईओ से फोन पर बात हुई उन्हें स्थिति से अवगत कराया लेकिन स्थिति से अवगत कराने के बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ।

वर्तमान में जामुन का सीजन चल रहा है। जामुन बेचने वालों के द्वारा रोड पूरी तरह कवर्ड कर ली गई है। रोड पर आने वाले आने जाने वालों पर ऐसी स्थिति है कि रोड से पैदल निकल नहीं सकते, वाहन गाड़ी से तो आप निकल ही नहीं सकते, सुपर मार्केट के जो मूल दुकानदार है। वह अपनी दुकान पर नहीं पहुंच पा रहे हैं, ना उनकी दुकान पर दुकानदारी नहीं हो पा रही है और वह हाथ पैर हाथ धरे बैठे हैं। व्यापारियों ने जिलाधिकारी को बताया कि कामगारों की सुविधा के लिए सेड बनवाए हैं और थे बनाए गए सेड पर जामुन व्यापारी अपना जामुन फैलाए हुए हैं और इनको तत्काल बाजार से अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने मांग उठायी कि स्थाई दुकानदारों को एकदम भी समस्या से निजात दिलाया जाये। ज्ञापन देते समय महेश जैन, कैलाश जैन, पवन कुमार, जितेंद्र जैन, हरगोविंद सोनी, राजकुमार, पुष्पेंद्र जैन, जैन निलेश कुमार, प्रदीप जैन, आलोक जैन, सुरेंद्र साहू, प्रिंस साहू, आयुष कुमार, रामकुमार निरंजन, उमेश झा, आशीष, रामकिशोर सोनी, प्रदीप कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## प्रिंटर बेचने का प्रलोभन देकर ले लिये रुपये, नहीं दिया प्रिंटर

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला घुसयाना स्थित मेसर्स पिंकी फ्लैक्स की ऑनर मोहल्ला नेहरू नगर बी.केबिन के पास रहने वाली प्रो.प्रियंका अहिरवार पुत्री अशोक अहिरवार ने लखनऊ के जानकीपुरम अंतर्गत 1/519 सेक्टर जे कुर्सी रोड स्थित वैष्णवी डिजीटल सिस्टम के प्रबंधक पर डिजिटल इन्जेक्ट प्रिन्टर मय आवश्यक उपकरण के खरीदने का सौदा करने और रुपये लेने के बावजूद भी प्रिंटर व उपकरण न भेजने का आरोप लगाया है। इस सम्बन्ध में उन्होंने न्यायालय की शरण लेने की बात कही है। प्रो.प्रियंका अहिरवार ने बताया कि विगत वर्ष 2024 में वैष्णवी डिजीटल सिस्टम से डिजिटल इन्जेक्ट प्रन्टिर 10.5 फीट मय आवश्यक उपकरण के समस्त कर सहित मु. 13 लाख 1540 रूपये में सौदा तय हुआ तो मेने उक्त विक्रय मूल्य 05 दिसम्बर 2024 को खाता संख्या 43527713141 शाखा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया गांधी नगर ललितपुर द्वारा एफ.एस.सी. कोड नं. सी.एन.आर.बी. 0003210 केनरा बैंक शाखा जानकीपुरम लखनऊ में मु. 10 लाख 10 हजार रूपया व उसी दिन शेष धनराशि मु. 2 लाख 91,540 रुपये कुल 13 लाख 1540 रूपया ट्रान्सफर कर विक्रय मूल का भुगतान किया।

# संक्षिप्त समाचार



## झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**पावर हाउस में पानी भरने से विद्युत आपूर्ति ठप**

**ललितपुर।** शुक्रवार की रात्रि से शुरू हुई झमाझम बारिश ने जनपद सहित नगर आसपास के क्षेत्रों में जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। लगातार बारिश के चलते नगर में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं कई नदी नाले उफान पर हैं। शहर से बुढ़वार मार्ग पर कई स्कूल कॉलेज बने हुए हैं। संपर्क मार्ग टूटने से छात्र-छात्राएं परेशान हैं। बुड़वार रोड स्थित पीतांबरा ग्रेनाइट के पास से निकला नाले पर पानी ऊपर से बह रहा है, जिससे नगर का गांव से संपर्क टूट गया। वहीं इसी मार्ग पर केन्द्रीय विद्यालय सहित कई स्कूल कॉलेज बने हुए हैं। संपर्क मार्ग टूटने से छात्र-छात्राएं परेशान हैं। नाले पर बना पुल डूब जाने से बुड़वार मार्ग पर स्थित गाव का संपर्क शहर से टूट जाने से लोगों काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।




## नाबालिग को भगा ले जाने वाला पुलिस हिरासत में

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी कालू सिंह एवं सीओ महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बानपुर पुलिस ने थाने में पंजीकृत मु.अ.सं. 166/2025 धारा 137(2) बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर अंतर्गत थाना भगवां के ग्राम नयाखेड़ा निवासी रोहित पाल पुत्र मथुरा पाल डगराना बस स्टैण्ड से हिरासत में लिया है। अभियुक्त को पकडने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बानपुर अरूण कुमार तिवारी, उ.नि.रामप्रकाश तिवारी, कां.शिवनन्दन शामिल रहे।

## लाठी-डंडों से हमला, चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्र के ग्राम बंगरिया में सुबह-सुबह लाठी-डंडों से हमले की एक हिंसक घटना सामने आई है। पीड़ित रगवीर अहिरवार ने आरोप लगाया है कि चार लोगों ने उन्हें और उनके भाई महेंद्र को बिना किसी प्रोवोकेशन के बेरहमी से पीटा। घटना का विवरण 3 जुलाई 2025, सुबह करीब 6 बजे। ग्राम बंगरिया, थाना पाली में लखपति (पुत्र ठकरई), नेकपाल (पुत्र ठकरई), शंकू (पुत्र रतन), सुखदीन (पुत्र शंकू) सभी ग्राम बंगरिया निवासी ने गाली-गलौज, लाठी-डंडों से हमला और धमकी। पीड़ित रगवीर अहिरवार ने बताया कि वह अपने घर के बाहर चबूतरे पर बैठे थे, तभी चारों आरोपी वहां पहुंचे और बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगे। जब उन्होंने मना किया, तो आरोपियों ने उन पर और उनके भाई महेंद्र पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित ने थाना पाली में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद बीएनएस 2023 की धाराओं 115(2), 352 और 351(3) के तहत एफआईआर नंबर 0080/2025 दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना से गांव में तनाव फैल गया है। पीड़ित परिवार ने त्वरित न्याय की मांग की है।

## युवक- युवती की पिटाई का मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र के मजरा टपरियन में एक विवादित घटना में एक युवक व युवती की पिटाई करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित पक्ष के अनुसार, गत 3 जुलाई को दोपहर करीब 2 बजे लाखन लोधी ने बिना किसी प्रोवोकेशन के जितेंद्र लोधी (23) और मनीषा लोधी (18) को गाली-गलौज करने के बाद लात-घूंसों से मारा। बताया कि आरोपी लाखन लोधी ने पीड़ितों को गंभीर चोटें पहुँचाई और जान से मारने की धमकी दी। उसने पीड़ितों की मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी नष्ट कर दिए। पीड़ित पिता रामगोपाल लोधी ने थाना प्रभारी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 115(2), 352, 351(3) और 324(2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करेगी। इस घटना से गांव में तनाव फैल गया है। पीड़ित परिवार ने न्याय की मांग की है, जबकि आरोपी पक्ष की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी जनशिकायतें, मौके पर कराया निस्तारण

## कमिश्नर, डीआईजी, डीएम व एसपी ने दूरस्त तहसीलों में जाकर परखी जनशिकायत निस्तारण प्रणाली

## अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर निस्तारण कराने के दिये निर्देश

## जिलाधिकारी ने मड़ावरा तहसील परिसर में वृक्षारोपण कर वन महोत्सव को सफल बनाने का किया आह्वान



**ललितपुर।** शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पीड़ित को त्वरित न्याय और सुगम निस्तारण की प्राथमिकता पर शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जहां जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने जनपद की दूरस्त तहसील मड़ावरा पहुंचकर जनसुनवाई की और फरियादियों को भरोसा दिलाते हुए सम्बंधित अधिकारियों से समस्या का मौके पर ही निस्तारण कराया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक ही शिकायत की बार-बार पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए, अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ शिकायकर्ता की संतुष्टि के आधार पर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने बाल विवाह और स्कूल से वंचित बच्चों के बारे में भी चर्चा की, उन्होंने कहा कि बाल विवाह कई समस्याओं का एक प्रमुख कारण है, बच्चियों की छोटी उम्र में शादी होने से उनकी पढ़ाई छूट जाती है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो जाता है। ये बच्चियां पढ़-लिखकर देश के लिए बहुत कुछ कर सकती हैं, इसलिए बाल विवाह रोकने के लिए सभी जनपदवासी जिला प्रशासन का सहयोग करें और अपने बच्चों का नामांकन विद्यालयों में अवश्य करायें।

उन्होंने अन्य अधिकारियों के साथ तहसील परिसर में ही वन महोत्सव एक पेड़ मां के नाम-2.0 अभियान के तहत वृक्षारोपण किया और जनपदवासियों को भी सघर वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया। तहसील तालबेहट में मण्डलायुक्त झांसी विमल कुमार दुबे एवं डीआईजी केशव कुमार चौधरी ने जनसुनवाई की और फरियादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को शेष प्रार्थना पत्र देकर स्वयं मौके पर जाकर समाधान कराने के निर्देश दिये। तहसील मड़ावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 70 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 19, विकास के 07, पुलिस के 05, पूर्ति के 10, कृषि के 06, विद्युत के 12, सिंचाई के 02 तथा अन्य विभागों के 09 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 07 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 112 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 27, पुलिस के 16, विकास विभाग के 09, विद्युत के 07, पूर्ति के 25 तथा अन्य विभागों के 28 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिसमें से 14 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 23 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 08, पुलिस का 01, विकास विभाग के 03 तथा अन्य विभागों के 11 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 03 प्रकरण का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 05, पुलिस के 05, विद्युत के 03 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 03 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 03, पुलिस विभाग के 03, विकास विभाग के 02, पूर्ति के 02, विद्युत का 01, नगर पंचायत का 01 तथा अन्य विभाग के 04 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 02 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस दौरान डीडीओ शेषनाथ चौहान, डीएफओ गौतम सिंह, एसडीएम मड़ावरा शैलेन्द्र चौधरी, तहसीलदार मड़ावरा, क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राईमरी विद्यालयों को बंद करने का आदेश गलत : छात्रसभा

## छात्रसभा ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



**ललितपुर।** समाजवादी छात्रसभा ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के जरिए भेजते हुये उत्तर प्रदेश में पांच हजार से अधिक सरकारी विद्यालय बंद किये जाने के फैसले का विरोध दर्ज कराया। बताया कि पांच हजार विद्यालय बंद होने से बच्चों का भविष्य बनने से पहले ही खराब हो जायेगा। कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूल जिनमें सभी वर्ग के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। विद्यालय बंद होने से उनके जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसके अलावा यह बच्चों के मौलिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने प्रदेश सरकार के इस फैसले को निरस्त कराये जाने की मांग उठाते हुये अन्यथा की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन देते समय अरशद मंसूरी, नरेंद्र सिंह राजपूत, हृदेश यादव मुखिया, पूजा बुंदेलखंडी, तुलसीराम अहिरवार, आकिब मंसूरी, महेंद्र यादव टकैत, जावेद खान, रवि खटीक, दीपक सेन, विजय प्रजापति, ओम प्रकाश कुशवाहा, संजय रजक, मोहसिन पठान, निखिल राय, बिटटू यादव, शरीफ जावेद, हुकुम सिंह, राघवेंद्र रजक, यादवेन्द्र सिंह यादव, मयंक, रानू मंसूरी, नवल वाल्मीकि, गंधर्व सिंह, अनिल अहिरवार, दुष्यंत सिंह, अनस अहमद, अमितयादव, आसिफ खान, चारू जैन, अभी, सुनील पाल, अरबाज खान, पुष्पेंद्र यादव, शाहरोज खान, अल्पेश यादव, चंद्रपाल यादव, अंकुश, हर्ष , अमन, शिवा, अमन, आजाद, दिनेश कुशवाहा, हुकुम सिंह, विक्की रजक, अल्पेश, प्रदीप, विक्रम आदि मौजूद रहे।

# बढ़तीं चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में आक्रोश

**ललितपुर।** जनपद में निरंतर बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाकर खुलासा कराये जाने एवं संजय व संदीप जायसवाल के पेट्रोल पम्प पर घटी घटना के दोषियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग को लेकर उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल व ललितपुर पेट्रोलियम एसोशियेशन ने संयुक्त रूप से पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग उठायी है। ज्ञापन में व्यापारियों ने एसपी को अवगत कराया कि जिले में अनेकों चोरी की घटनायें घट चुकी है और चोरों के हौसले बुलन्द हैं। चोर आये दिन चोरी की घटना को अंजाम देते रहते हैं। विगत 15 दिन पूर्व आजादचौक पर कास्मेटिक व्यापारी की दुकान के ताले तोड़कर चोरी की गयी थी, जिसमें चोर हजारों रूपये का माल चुराकर ले गये थे। इसी प्रकार 2/3 जुलाई को अज्ञात चोरों के द्वारा सुबह 4-5 बजे के बीच में मातोश्री ट्रेडर्स अर्पित जैन शिवाजी की दुकान के शटर को तिरछा कर 1 लाख 60 हजार रुपये नगदी की चोरी हुई और उसी दिन उसी तर्ज पर शटर को तिरछा कर संजय जायसवाल के पेट्रोल पम्प के सामने स्थित शराब दुकान से लगभग 2 लाख रूपया नगदी की चोरी की घटना को अंजाम दिया तथा महरौनी में विवेकानन्द स्कूल के पास स्थित आवास पर लगभग 10-15 लाख रूपये के जेवरात व नगदी चोर चुराकर ले गये। अन्य चोरियां भी नगर में हुई है। व्यापारियों ने बताया कि पेट्रोल पम्प व्यवसायी संजय जायसवाल के पेट्रोल पम्प पर 01 जुलाई रात्रि लगभग 9.30 बजे 10-15 ज्ञात अज्ञात लोगों ने लाठी डंडों आदि से मारपीट की और उनके व उनके परिजनों और कर्मचारी को बेदर्दी से मारपीट कर मरणासन्न अवस्था में छोड़ कर भाग गये। इससे व्यापारियों में दहशत का माहौल व्याप्त है। व्यापारियों ने एसपी से आह्वान किया है कि नगर में बढ़ रही चोरी एवं अराजकता की घटनाओं का खुलासा किया जाये एवं पेट्रोल पम्प व्यवसायी के हमलावरों को गिरफ्तार किया जाये। ज्ञापन देते समय प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, महेश जैन, पंकज जैन, अशोक अनौरा, अभय जैन एड., संजीव कप्तान, मनोज सोनी मज्जू, राजीव सुडेले, महेश श्रीवास्तव, मनीष अग्रवाल, मनीष चौधरी, पार्षद आलोक मयूर, पदमचन्द्र जैन, रामप्रकाश साहू, विनोद जैन, अर्पित जैन, कैलाश अग्रवाल, रोहित शिवाजी, संजय जायसवाल, कालू जायसवाल, धर्मदास पंथ, सिद्धांत सतभैया, शशांक जैन, अनिकेत, अनिल जैन, साकेत, दुर्गाप्रसाद, निलेश बिरधा, गेंदालाल साहू, जैनी जैन, अनुराग जैन शैलू, संजय मोदी, उपेंद्र, मुकेश, स्वदेश गोयल, हरीश सिंघई, राजीव, पप्पू राय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# जशप्योर बनेगा ग्लोबल ब्रांड -राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँच का मार्ग प्रशस्त

**रायपुर,ए.।** छत्तीसगढ़ के दूरस्थ अंचल जशपुर की आदिवासी महिलाओं के समूह द्वारा प्राकृतिक वनोपज का प्रसंस्करण कर तैयार की गई विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्रियों का ब्रांड जशप्योर अब जशपुर और छत्तीसगढ़ की सीमाओं से बाहर निकलकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कदमताल करने को तैयार है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के वोकल फॉर लोकल अभियान को आत्मसात करते हुए एक अहम निर्णय लिया गया है जिसके तहत जशपुर जिले की महत्वाकांक्षी महिला केंद्रित ब्रांड जशप्योर का ट्रेडमार्क अब उद्योग विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा। यह ऐतिहासिक निर्णय जशप्योर को व्यापक उत्पादन, संस्थागत ब्रांडिंग और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँच दिलाने की दिशा में एक बड़ा और निर्णायक कदम है।

**जशप्योर परंपरा को उद्यमिता से जोड़कर खोली उन्नति की राह**

जशप्योर ब्रांड महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने वाला उपक्रम है, जिसे जशपुर जिले की आदिवासी महिलाओं द्वारा संचालित किया जाता है। इसका उद्देश्य प्राकृतिक, पोषणयुक्त और रसायनमुक्त खाद्य उत्पादों का निर्माण करते हुए स्थानीय समुदायों को रोजगार उपलब्ध कराना और सतत विकास को बढ़ावा देना है।

इस ब्रांड का लक्ष्य छत्तीसगढ़ की समृद्ध कृषि और वनोपज का प्रसंस्करण कर खाद्य उत्पादों के रूप में तैयार करना तथा रोजगार से जोड़ते हुए व्यावसायिक स्तर पर इन्हें व्यापक पहचान दिलाना है। जशप्योर के उत्पादों की मुख्य विशेषता यह है कि ये पूरी तरह से प्राकृतिक हैं। इनमें किसी भी प्रकार के प्रिज़र्वेटिव, रंग या कृत्रिम स्वाद का उपयोग नहीं किया जाता और ये सस्टेनेबल पैकेजिंग में उपलब्ध हैं। जशप्योर केवल एक ब्रांड नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ी माटी की महक, आदिवासी बहनों की मेहनत और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ का प्रतीक बन चुका है।

**जशप्योर के उत्पाद बना रहे हैं अपनी अलग पहचान**

जशप्योर द्वारा महुआ और अन्य वनोपज को शामिल करते हुए कई प्रकार के पारंपरिक और स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इनमें महुआ आधारित उत्पाद जैसे महुआ नेक्टर, महुआ वन्यप्राश, महुआ कुकीज़, रागी महुआ लड्डू, महुआ कैंडी और महुआ नेक्टर कोकोआ शामिल हैं। इसके अलावा, ढेकी कूटा जवा फूल चावल, मिलेट आधारित पास्ता और कोदो, कुटकी, रागी तथा टाऊ से बने विभिन्न उत्पाद भी पूरे भारत में अपनी पहचान बना रहे हैं।

**महिला उद्यमिता को मिल रहा बढ़ावा**

जशप्योर ब्रांड का उद्देश्य केवल व्यापार नहीं है, बल्कि यह आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारने का एक सशक्त प्रयास भी है। इस ब्रांड के माध्यम से महिलाओं को रोजगार का अवसर मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है और वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर हुई हैं।

जशप्योर द्वारा निर्मित हर उत्पाद आदिवासी महिलाओं की मेहनत और समर्पण का प्रतीक है। ये उत्पाद देशभर के विभिन्न स्टोर्स पर उपलब्ध हैं, जो ब्रांड की व्यापक पहुँच का प्रमाण हैं। जशप्योर के सभी उत्पाद पूर्णतः प्राकृतिक हैं। इनमें किसी भी प्रकार के प्रिज़र्वेटिव, कृत्रिम रंग या स्वाद का उपयोग नहीं किया जाता।

यह उत्पाद श्रृंखला न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि पोषण से भरपूर और पर्यावरण-संवेदनशील पैकेजिंग में उपलब्ध है। जशप्योर के प्रमुख उत्पादों में महुआ नेक्टर, महुआ वन्यप्राश, रागी महुआ लड्डू, महुआ कुकीज़, महुआ कोकोआ ड्रिंक, कोदो, कुटकी, रागी आधारित पास्ता और ढेकी कूटा चावल शामिल हैं। जशप्योर की सबसे खास बात इसकी महिला प्रधान कार्यशक्ति है। यहां 90 प्रतिशत से अधिक कर्मचारी आदिवासी महिलाएं हैं, जो उत्पादन से लेकर पैकेजिंग तक हर स्तर पर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

# हमारी संस्कृति में समरसता व ज्ञान की गौरवशाली परंपरा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव










## बाबा साहब ने हमें समरसता व समता का सिद्धांत दिया

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्वालियर में भव्य 'सामाजिक समरसता सम्मेलन' आयोजित

### केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया व विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर सहित राज्य के मंत्रिगण भी हुए शामिल

### विभिन्न क्षेत्रों में नाम रोशन कर रहीं विभूतियों को किया सम्मानित

### सामूहिक सहभोज में भी हुए शामिल

**ग्वालियर,नसं.।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति में समरसता व ज्ञान की हजारों साल पुरानी गौरवशाली परंपरा है। हमारे पूज्य संत रविदास, कबीर व भगवान गौतम बुद्ध से लेकर अन्य पुराने ऋषि-मुनियों व महापुरुषों ने समरसता की ज्योति जलाई। इसी से हमारे देश में अच्छाई-सच्चाई व मानवता के मूल सिद्धांतों की स्थापना हुई। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भी सामाजिक समरसता व समता का सिद्धांत दिया। साथ ही संविधान में सबको समान अधिकार प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को ग्वालियर में आयोजित हुए ÷समरसता सम्मेलन÷ को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा खुशी की बात है कि ग्वालियर की पवित्र धरा से सामाजिक समरसता का आज नया सवेरा आया है, जिसके माध्यम से पूरे प्रदेश में सामाजिक समरसता व सौहार्द्र का वातावरण और मजबूत होगा।

यहाँ राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में आयोजित हुए ÷समरसता सम्मेलन÷ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर सहित अन्य अतिथियों ने संतजन एवं विभिन्न क्षेत्रों में ग्वालियर व प्रदेश का नाम रोशन कर रहीं आधा दर्जन विभूतियों को समरसता सम्मान से विभूषित किया। साथ ही सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रहे समाज के आखिरी छोर पर खड़े हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। सम्मेलन में मौजूद सभी प्रतिभागियों को सामाजिक समरसता की शपथ दिलाई। इसके बाद सामूहिक भोज में भी शामिल हुए। आरंभ में मुख्यमंत्री सहित सभी अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर सामाजिक समरसता सम्मेलन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, मंत्रिगण सर्वश्री नारायण सिंह कुशवाह व श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, पूर्व मंत्री एवं अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लाल सिंह आर्य, सूचना आयुक्त श्री उमाशंकर पचौरी, पूर्व मंत्रिगण श्रीमती माया सिंह, श्रीमती इमरती देवी व श्री रामनिवास रावत, पूर्व सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, श्री अशोक अर्गल व डॉ. भागीरथ प्रसाद, श्री मोहन सिंह राठौर सहित अन्य विधायकगण, भाजपा जिला अध्यक्ष शहर श्री जयप्रकाश राजौरिया व ग्रामीण श्री प्रेम सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मंचासीन थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समरसता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लम्बे समय तक संगठित व आजाद रहने के लिये हमें भेदभाव को दूर रखना जरूरी है। इसीलिए हमारी संस्कृति अमीरी ङ्क गरीबी व ज्ञान में कोई भेदभाव नहीं करती। उन्होंने महाभारत काल में भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता का उल्लेख करते हुए कहा कि मित्रता का यह उदाहरण पूरे विश्व में अद्वितीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह भी कहा हम सब देशवासियों के लिये स्वाभिमान की बात है कि भगवान गौतम बुद्ध द्वारा चलाया गया बौद्ध धर्म आज विश्व का सबसे बड़ा धर्म है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इकबाल रचित गीत की पंक्तियां ÷कुछ बात है हस्ती मिटती नहीं हमारी, सदियों रहा है दुश्मन दौर-ए-जमां हमारा÷ का उल्लेख करते हुए कहा कि सामाजिक समरसता व सदभाव की बदौलत ही हजारों वर्षों से तमाम विपरीत परिस्थितियों के बाबजूद हमारा देश मजबूती के साथ खड़ा है।






**जाति न पूछो साधु की पूछ लीजिए ज्ञान**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति में सदैव से ज्ञान का जाति से कोई संबंध नहीं रहा है। उन्होंने संत कबीर के दोहे ÷जाति न पूछो साधु की पूछ लीजिए ज्ञान, मोल करो तलवार का पड़ी रहन दो म्यान÷ का उदाहरण देते हुए महान संत रविदास, त्रेतायुग के महान ज्ञानी अष्टावक्र जी एवं शंकराचार्य जी द्वारा काशी में एक साधारण मगर ज्ञानवान व्यक्ति को अपना गुरू बनाने का उल्लेख किया। उन्होंने जाति प्रथा की कुरीति पर प्रहार करते हुए कहा कि ÷हरि को भजे सो हरि का होई, जाति-पाति पूछे नहीं कोई÷। साथ ही कहा कि रामानुजाचार्य जैसे संतों ने भक्ति की धारा प्रवाहित कर समाज को ज्ञान से आलोकित किया। हम सबको इसी मार्ग पर चलकर देश को और ऊँचाईयों तक ले जाना होगा।

**अम्बेडकर धाम के द्वितीय चरण के लिये 12 करोड़ मंजूर किए**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि ग्वालियर जिले के जौरासी में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की स्मृति में निर्मित किए जा रहे अम्बेडकर धाम के द्वितीय चरण के लिये 12 करोड़ 16 लाख 42 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। लगभग 50 हजार वर्गफुट क्षेत्र में भव्य अम्बेडकर धाम बनाया जा रहा है, जिसमें म्यूजियम, लाइब्रेरी व ऑडिटोरियम इत्यादि का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहाँ पर सामाजिक समरसता सम्मेलन भी आयोजित किया जायेगा।

**सामाजिक समरसता हमारे खून में समाई है : केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया**

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि हमारी संस्कृति व सभ्यता हजारों हजार साल पुरानी है। साथ ही सामाजिक समरसता हमारे खून में समाई है। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना हमारी मूल संस्कृति है। इसी भाव के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देश व प्रदेश को ऊँचाईयों को ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा खुशी की बात है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विकास की इबारत लिखने के साथ ङ्क साथ सामाजिक समरसता का पाठ पढ़ाने का काम भी किया है। श्री सिंधिया ने यह भी कहा कि विश्व के 177 देशों में भारत के अलावा ऐसा कोई देश नहीं जहाँ आर्थिक एवं आध्यात्मिक शक्ति का संगम दिखाई देता हो।

**प्रदेश में गैर बराबरी दूर करने के लिये हो रहे हैं सार्थक प्रयास विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर**

विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि हमारे देश का अतीत अत्यंत गौरवशाली है। हमारे पूर्वजों ने हम सभी को एकात्मता के संस्कार दिए हैं।

इन संस्कारों को याद रखेंगे तो कोई हमें तोड़ नहीं पायेगा और देश निश्चित ही विश्वगुरू बनकर रहेगा। उन्होंने कहा खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश व प्रदेश में गैर बराबरी दूर करने के लिये सार्थक प्रयास हो रहे हैं। श्री तोमर ने यह भी कहा कि ÷नर सेवा ही नारायण सेवा÷ हमारी संस्कृति का मूल मंत्र है। यह मंत्र अगर हम ध्यान में रखेंगे तो हमारा भीतरी आत्मतत्व प्रबल होगा। इससे सामाजिक समरसता भी मजबूत होगी। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि ग्वालियर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल पर आयोजित समरसता सम्मेलन इस बात को प्रमाणित करता है कि हमारे मुख्यमंत्री विकास व रोजगार के क्षेत्र में देश को नंबर वन बनाने की प्रतिबद्धता के साथ-साथ समाज में समरसता लाने के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं।

**सनातन परंपरा ने सदैव सामाजिक समरसता का संदेश दिया है : पूर्व मंत्री श्री आर्य**

पूर्व मंत्री एवं भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लाल सिंह आर्य ने कहा कि हमारी सनातन परंपरा ने सदैव से सामाजिक समरसता का संदेश दिया है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद, महाराणा प्रताप, बाबा साहब अम्बेडकर, संत रविदास, मीराबाई व पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र का उदाहरण देते हुए कहा कि इन सभी ने सामाजिक समरसता को मजबूत किया। बाबा साहब ने संविधान के रूप में सभी धर्मों, वर्गों व जातियों को सुरक्षा कवच प्रदान किया।

**ग्वालियर की धरती से समरसता का संदेश पहुँचाने की सार्थक पहल : श्री पचौरी**

राज्य के सूचना आयुक्त श्री उमाशंकर पचौरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस सम्मेलन के माध्यम से ग्वालियर की धरती से पूरे प्रदेश व देश में समरसता का संदेश पहुँचाने की सार्थक पहल हुई है। उन्होंने कहा आज हम सब संकल्प लें कि हम सभी प्रकार के मत व मन भेदों को भुलाकर ऐसे प्रयास करेंगे, जिससे भारत माता पूरे विश्व का मार्गदर्शन करे।

**इन विभूतियों का हुआ सम्मान**

पद्मश्री एवं राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय विभिन्न सम्मानों से विभूषित हो चुके अंतर्राष्ट्रीय पैरास्वीमर श्री सतेन्द्र सिंह लोहिया, अंतर्राष्ट्रीय पैरा आर्म्स रेसलर विक्रम अवार्डी श्री मनीष कुमार, ब्लड मैन के नाम से विख्यात श्री सुधीर राव दुरापे, प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ी कु. सोनिया कुमरे, देहदान का संकल्प ले चुके श्री रतीराम सुमन एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अपनी ग्राम पंचायत में 10 खेत तालाब व पाँच कुँओं को रीचार्ज करने वाली जिले की ग्राम बासोड़ी की सरपंच श्रीमती गीता बाई यादव ।

**इन हितग्राहियों को बाँटे हितलाभ**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अन्य अतिथियों ने पीएमईजीपी योजना के तहत श्रीमती रेखा खेमरिया को लगभग 9 लाख 40 हजार, श्री देवेन्द्र राठौर को लगभग 37 लाख 50 हजार व श्री नागार्जुन को लगभग 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वरोजगारमूलक इकाई स्थापित करने के लिये वितरित की। कार्यक्रम में संभाग आयुक्त श्री मनोज खत्री, आईजी श्री अरविंद सक्सेना, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## देहदान की घोषणा करने वाले से.नि. कार्यपालन यंत्री को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मुरैना के से . नि. कार्यपालन यंत्री श्री आर आर सुमन अपनी सेवा निवृत्ति के मौके पर देहदान करने की घोषार कर कहां कि मेरा मृत शरीर चिकित्सा छात्रों के अध्ययन एवं शोध के लिए काम आयेगा । श्री सुमन के देहदान करने की घोषणा को मुख्यमंत्री ने सराहनीय कदम बताया और उन्हें इस कदम के लिए ग्यालियर प्रवास के दौरान समरसता शहभोज सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सम्मानित किया। समाहित हुए श्री आर.आ. सुमन कहां कि देहदान व अंगदान करने वालो के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जो सम्मान की घोषणा की है, उसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री सा हृदय से आभार व्यक्त किया।

## सात शनिवार की नियमित परिक्रमा से होता है समस्याओ का निदान वनखंडी सरकार निखिल धाम गैपरा में

विश्व नाथ त्रिपाठी

**जौरा।** यह कोई कहानी नहीं यथार्थ है।बता दूं कि मध्य प्रदेश के मुरेना जिले की जौरा तहसील में स्थित वनखंडी सरकार निखिल धाम गैपरा पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद की तपस्थली व श्री हनुमान जी का एक सिद्ध स्थान है जहां हर शनिवार को दर्शनार्थियों की बहुत बड़ी भीड़ होती है।वास्तव में मान्यता है कि यहां विराजमान हनुमान जी की प्रतिमा की जो लगातार सात शनिवार आ कर परिक्रमा करले उसके सारे मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं ।यहां तक कि असाध्य रोगों से भी मुक्ति मिल जाती है। निर्जन स्थान में विद्यमान इस मूर्ति के सम्बंध में पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद जी महाराज का कहना है कि यहां पर विराजमान हनुमान जी की यह मूर्ति सैकड़ों वर्ष पुरानी है जो कभी इस निर्जन स्थान पर मौजूद थी ।बताया जाता है कि पहले भी लोग यहां आकर परिक्रमा देकर अपना मनोरथ सिद्ध किया करते थे और आज भी भक्तों कीअटूट श्रद्धा फलीभूत हो रही है ।महाराज श्री का कहना है कि मैं यहां 1995 ई0 में आया हूं तो एक नीम का पेड़ था वहीं हनुमान जी की यह छवि विराजमान थी शेष स्थान घोर जंगली झाड़ियों से घिरा था जो धीरे धीरे अब विशाल आश्रम का रूप ले चुका है । महाराज श्री के आने के बाद से स्थान का विकास होने लगा और आज शुद्ध पत्थर से



मंदिरों का निर्माण लगभग पूर्णता की ओर है । हनुमान जी के साथ हीश् राम दरबार ,मां काली, स्फटिक शिवलिंग शिव परिवार के साथ ,मां लक्ष्मी, भुवनेश्वरी व वाग्देवी सरस्वती के साथ साथ स्फटिक व अष्टधातु का श्री यंत्र विराजमान हैं आम जनमानस के दर्शन व पूजन अर्चन के लिए खुला रहता है । यहां सावन के महीने में काफी भीड़ भाड़ दर्शनार्थियों और कांवड़ियों की रहा करती ।लोग अपनी की पूर्ति हेतु शंकर जी पर विभिन्न पदार्थों से वैदिक मंत्रों के साथ अभिषेक कराते हैं ।नव रात्रि में देवी अर्चन व पाठ का कार्यक्रम चलता है और कन्यापूजन अर्चन के बाद विशाल भंडारे के साथ विराम हैता है ।गुप्त नव रात्रि में भी साधक गण यहां कर साधने करते हैं। यह सब कार्य महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद जी की।देख रेखा में सम्पन्न होता है । हनुमान जी की तो इतनी कृपा है कि कोई भक्त आज तक निराश नहीं हुआ जिसने भी अर्ज लगाई लाभ अवश्य प्राप्त किया। अगर हम यह कहें कि स्वामी जी की घोर तपस्या के कारण ही आज यह स्थान इतना जागृत हुआ तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। स्वामी जी एक श्रेष्ठ साधक हैं जो अपने शिष्यों के लिए ही नहीं बल्कि आम जनमानस के कल्याण के लिए बिना किसी भेदभाव के उपलब्ध रहा करते हैं । स्वामी जी अपने गुरू परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानंद के सानिध्य में गुढ़ सिद्धियां हासिल करते हनुमान जी की विशेष कृपा प्राप्त की और हनुमान जी के मंत्र से अभिमंत्रित जल ही रोगी के लिए अमृत बन समस्याओं का समाधान बन जाता है । यहां बैठे बैठे स्वामी जी ने अफ्रीका व लंदन तक के लोगों का कार्य सिद्ध किया, हनुमान जी की कृपा से असाध्य भी सांध्य हुए हैं।कितने ऐसे संतान हीनों को संतानें प्राप्त हुई जनको चिकित्सकों ने कहिया था कि संतान नहीं होगी। कौन सो काज कठिन जग माहीं। जो नहिं होई तात तुम पाहीं।। यह चौपाई यहां अक्षरसह सिद्ध दिखाई देती है । हनुमान जी की कृपा भक्तों पर बरसती ही है ,बरसे भी क्यो न,स्वामी आज भी आठ दस घंटे साधना लीन रहते हैं। शिष्यों के प्रति समर्पित भाव से कल्याण करने वाले हमेशा हनुमान जी की कृपा प्राप्त करते रहते हैं ।हम सब को भी ऐसे पावनधाम का दर्शन अपने आत्मीय जनों के साथ करना चाहिए।

## मुरैना जिले के पहाड़गढ़ वितरण केन्द्र में 5 एमवीए क्षमता का नया 33/11 केवी उपकेंद्र ऊर्जीकृत

**मुरैना,कांस।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मुरैना जिले के सबलगढ़ बिजली संभाग के पहाड़गढ़ वितरण केन्द्र के अंतर्गत ग्राम कोटसिरथरा में 5 एमवीए क्षमता का नया 33/11 केवी उपकेंद्र ऊर्जीकृत किया गया है। रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) योजना के तहत इस नए 33/11 केवी उपकेंद्र की स्थापना से पहाड़गढ़ के कोटसिरथरा ग्राम के सैकड़ों उपभोक्ताओं को निर्बाध तथा गुणवत्तापूर्ण सतत बिजली सप्लाई मिलेगी। मंत्री श्री तोमर ने कहा है कि सभी श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार कृत संकल्पित है और इस दिशा में निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नवीन 5 एमवीए 33/11 केवी उपकेंद्र स्थापित होने से एक ओर जहाँ विद्युत वितरण प्रणाली मजबूत होगी, वहीं दूसरी ओर विद्युत हानियां कम होकर प्रणाली की क्षमता वृद्धि से उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

## बरसात के मौसम में बिजली, वज्रपात से करें बचाव

**मुरैना,कांस।** बरसात के मौसम में बाहरी गतिविधियां, खेतों औद्यौगिक स्थान, लोडिंग और अनलोडिंग जैसे निर्माण सामग्री हैंडलिंग वाले स्थलों पर काम करने वाले लोग सर्वाधिक संवेदनशील होते है। जिन्हें बचाव संबधी जानकारी अवश्य होनी चाहिए। विशेष रूप से ऊंचें नुकीले संरचनाओं पेड़ों पर वज्रपात की अधिक संभावना होती है एवं एक ही स्थल पर कई बार वज्रपात हो सकता है। आकाशीय बिजली प्रभावित होने पर ऐसी संरचनाओं से दूर रहना चाहिए, क्यांकि आकाशीय बिजली वज्रपात वर्षा में किसी भी समय गिर सकती है। पूर्व जून-जुलाई में ऐसी घटना अधिक होती है। दोपहर और सायः काल के मध्य बिजली व वज्रपात की घटना हो सकती हैं। रबर सोल के जूते अथवा टायर से बचाव नहीं हो सकता। यह आवश्यक नहीं है कि बारिश के दौरान वज्रपात हो सकता हैं। ऐसी घटना वर्षा ऋतु में 10 मील के दायरे तक संभावित हो सकती है। आकाशीय बिजली वज्रपात की घटना तूफान आने के पहले भी घटित हो सकती हैं।

**घर/कार्यस्थल के भीतर सुरक्षात्मक उपाय**

बिजली एवं इलेक्ट्रोनिक के समस्त उपकरणों के संपर्क दूरी बनाए एवं इन्हें पावर प्लग से पृथक करें, ताकि मुख्य सप्लाई से बिजली का प्रभाव नहीं हो पाए। घरेलू अथवा कार्यालयीन समस्त विद्युत उपकरणों अथवा आउटलेट से जुड़ी किसी भी चीज का उपयोग न करें। बिजली का प्रभाव किसी भी इलेक्ट्रिकल सिस्टम, रेडियों और टेलीविजन रिसेप्शन सिस्टम और कंक्रीट की दीवारों फर्श में धातू के तारों के माध्यम से हो सकती है। खुले हुए खिड़की, दरवाजे अथवा धातु के पाईप आदि के पास खड़े न रहे। खिड़कियां, दरवाजों और कंक्रीट से बचें। पानी के धातु पाईप से बिजली प्रवाहित हो सकती है। यदि आपके क्षेत्र में बिजली गिरने की संभावना हो तो, पाईप लाइन से दूर रहे।

**घर से बाहर सुरक्षात्मक उपाय**

बिजली के प्रवाह करने वाली सामग्री से दूर रहे यथा धातु के उपकरण, पानी के पाइप या प्लबिंग सहित बिजली का संचालन करने वाली सामग्री अथवा सतहां के सपर्क से बचें। ऊंची अधोसंरचनाएं, पहाड़ी टेकरी, टेलीफोन के खंबे, ऊंचा पेड़, छत का मचान, धातु की सीढ़ी, बड़ी मशीन जैसे बुलडोजर, क्रेन और ट्रेक्टर जैसे वाहनों से दूर रहे। विस्फोट संभावित क्षेत्रों तथा उद्योग स्थलों से तत्काल सुरक्षित स्थल की ओर प्रस्थान करें। धातुयुक्त वाहनों से विद्युत का प्रवाह संभावित होने के कारण यथा शीघ्र साइकिल, दोपहिया वाहन अथवा अन्य वाहनों से तुरंत उतरकर किसी सुरक्षित स्थलों की ओर जाएं। यदि व्यक्ति सड़क पर है तो उन्हें तत्काल किसी भवन के अन्दर संरक्षण लेना चाहिए। आकाशीय बिजली व वज्रपात के गर्जन सुनाई देने के पश्चात् न्यूनतम 30 मिनट तक सुरक्षित स्थान पर बने रहें। आमजन से अपील है कि बरसात के मौसम में बिजली, वज्रपात से बचाव करें।

## छोदा में दो दिन में दो जगह चोरों ने ताले तोड़े, लाखों का माल पार





**मुरैना,कांस।** मुरैना में इन दिनों चोरों का बोला वाला है चोर आए दिन किसी ने किसी घर का ताला तोड़कर लाखों का माल पार करने में लगे सफल हो जाते हैं बिगत 2 दिन में चोरों ने में दो जगह ताला तोड़कर लाखों का माल ले जाने में सफल हो गए मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात्रि आरटीओ ऑफिस मार्केट में की केशव बरैया दुकान में किराए से ऑनलाइन आरटीओ का काम करने वाले एक दुकानदार की दुकान का दुकान तोड़कर वहां से लैपटॉप सहित कई सामान समेट कर ले गए उसके दूसरे दिन ही पुल पल के पास रहने वाले मुरारी दास के घर पर चोरों ने ताला तोड़कर घर में प्रवेश कर घर में रखे नगद ?21000 सोने चांदी के गहने ले जाने में सफल हो गए दोनों ने पुलिस में आवेदन देकर मामला दर्ज करने की मांग की है लेकिन पुलिस न तो अभी तक चोरों तक पहुंच पाई है ना चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## पटवारी की मनमानी पर अपर कलेक्टर की फटकार, EWS प्रमाण पत्र बनाने का आदेश

**जौरा खुर्द (मुरैना)।** पटवारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने का मामला सामने आया है। प्रशांत शर्मा, निवासी गल्ला मंडी गेट, ने अपने EWS आवेदन पर पटवारी द्वारा गलत जाति (उप्रेती ब्राह्मण व बढ़ई) अंकित करने की शिकायत की। पूर्व में कलेक्टर ने 10/09/2024 को तहसीलदार के निर्णय को निरस्त कर शर्मा के पक्ष में EWS प्रमाण पत्र जारी करने का आदेश दिया था। इसके बावजूद, पटवारी ने अगले वर्ष भी गलत टीप अंकित की और कलेक्टर के आदेश को नजरअंदाज किया। शर्मा ने पटवारी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा (क्रं. 825/2025) दायर किया, जो विचाराधीन है। तहसीलदार ने गलत टीप के आधार पर आवेदन फिर से निरस्त किया, जिसकी अपील पर अपर कलेक्टर ने पटवारी की झूठी आपत्ति खारिज कर शर्मा के ब्राह्मण जाति के दस्तावेजों से संतुष्ट होकर EWS प्रमाण पत्र बनाने का आदेश दिया। साथ ही, पटवारी को कड़ी फटकार लगाई।

## जिले में अब तक 315.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**मुरैना,कांस।** मुरैना जिले में 01 जून से 05 जुलाई, 2025 तक 315.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो गत वर्ष की तुलना में 166.8 मिलीमीटर वर्षा अधिक है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 148.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख मुरैना ने बताया कि जिले में 01 जून से 05 जुलाई तक सर्वाधिक वर्षा मुरैना में 469 मिलीमीटर दर्ज की गई है। पोरसा में 404, सबलगढ़ में 294, जौरा में 257, अंबाह में 238.4 और कैलारस तहसील में सबसे कम 232 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 05 जुलाई, शनिवार को सर्वाधिक 47.4 मिलीमीटर वर्षा मुरैना में दर्ज की गई है। पोरसा में 31, सबलगढ़-जौरा में 12, अंबाह में 4 और कैलारस में 2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## मलेरिया के लक्षण दिखाई देने पर तुरन्त डॉक्टर को दिखाएं और जाँच व उपचार कराएं

**मुरैना,कांस।** मलेरिया बुखार में व्यक्ति को ठंड के साथ कपकपी, तेज बुखार और पसीना आना व तापमान कुछ समय में सामान्य हो जाता है। मलेरिया एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है। यह संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। संक्रमण की अवधि, मलेरिया के प्रकार, उपचार की प्रभावशीलता और व्यक्ति के आधार पर भिन्न हो सकती है। जॉच और इलाज के द्वारा ठीक हो जाता है। यह जानकारी सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर द्वारा दी गई है। डॉ. तोमर ने बताया कि तेज सिर दर्द, हाथ पैरों में अकड़न, उल्टी आना, थकान महसूस होना मलेरिया के लक्षण हो सकते है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरन्त डॉक्टर को दिखाए और जॉच व उपचार कराएं। मलेरिया से बचने के लिए सभी लोग अपने घर और बाहर सफाई रखें, पानी की टंकी को धोकर व सुखाकर पानी भरे, फुलअस्तीन के कपड़े पहने, मच्छरदानी लगायें, मच्छर पनपने वाली जगह को साफ-सुथरा रखें। आर.एम.ओ डॉ. डी.एस यादव ने आमजन से अपील की है कि मौसम के अनुसार मच्छरों से बचाव व उपचार अवश्य लें, जिससे मलेरिया से बचाव हो सके।

## शराब के लिए पैसे न देने पर वृद्ध की मारपीट

**मुरैना,कांस।** रिठौरा थाना पुलिस ने शराब के लिए पैसे न देने पर एक वृद्ध की मारपीट करने का मामला पंजीबद्ध किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाले जगदीश पुत्र रामकिशन पाठक उम्र 75 साल पंचायत भवन के पास था कि उसी समय आरोपी सोनू श्रीवास ने वृद्ध से शराब के लिए पैसो की मांग की। जब वृद्ध ने पैसे देने से मना कर दिया तो आरोपी ने वद्ध को गालिया देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। थाना पुलिस ने पीडित की रिपोर्ट पर से आरोपी के खिलाफबीएनएस की धारा 126(2),119(1),115(2),296 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सहकारिता को मिल रहे नए आयाम : मुख्यमंत्री

**नए कार्यों में सहकारी समितियों को दी जा रही है प्राथमिकता**

**युवाओं को स्वावलंबी बनाने का सशक्त माध्यम हैं सहकारी समितियां**

**युवाओं को दिए सहकारिता के मूल मंत्र**

**किसी भी काम में सफल होने के लिए जरूरी है मजबूत आत्मविश्वास**



**भोपाल (ए.)।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के सहकारिता क्षेत्र को नए आयाम मिल रहे हैं। दुग्ध-उत्पादन, औद्योगिक विकास सहित अन्य क्षेत्रों में हो रहे नए कार्यों में सहकारी समितियों को प्राथमिकता मिलेगी। उन्होंने कहा कि सहकारिता समाज को एक करने के साथ ही युवाओं को बेरोजगारी से बचाने का माध्यम है। रोजगार का अर्थ सिर्फ सरकारी नौकरी नहीं है। युवाओं को स्वरोजगार और स्वावलंबन से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है और वर्ष 2025 को रोजगार एवं उद्योग वर्ष के रूप में मना रही है। उन्होंने तीन नए आपराधिक कानूनों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटी है, क्योंकि आंख पर पट्टी रहते हुए न्याय कैसे हो सकता है। नागरिकों के मूल अधिकार संविधान में उल्लेखित हैं और इसी भावना से व्यक्तियों के आपसी स्वावलंबन और सहभागिता का समावेश सहकारिता में है। वर्तमान सरकार में सहकारिता को लेकर व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी है। नई समिति की पंजीयन प्रक्रिया 30 दिन में पूर्ण की जा रही है।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में हुए शामिल

## "हरे कृष्णा हरे राम" की संकीर्तन धुन में की सहभागिता



**ग्वालियर,नसं.।** भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा के अवसर पर ग्वालियर के महाराज बाड़े पर जनसमुदाय में विशेष उत्साह देखने को मिला। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भक्तों के साथ मिलकर ÷हरे कृष्णा हरे राम÷ की संकीर्तन धुनों में सहभागिता की। रथ यात्रा में केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, मंत्रिगण सर्वश्री नारायण सिंह कुशवाह व श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, भाजपा जिला अध्यक्ष शहर श्री जयप्रकाश राजौरिया व ग्रामीण श्री प्रेम सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रथयात्रा स्थल पर महाप्रभु जगन्नाथ के रथ के समीप पहुंचकर आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान प्रतीकात्मक रूप से रस्सी को स्पर्श कर उन्होंने रथ खींचने की परंपरा में अपनी सहभागिता दी, जिससे उपस्थित श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति भाव जागृत हुआ।

# राष्ट्रीय ध्वज लगाना मेरी पहली प्राथमिकताः अंजना बंसल

## अलोपी शंकर पहाड़ी पर हुआ भूमि पूजन, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की रही मौजूदगी



**कैलारस,कासं.।** नगर परिषद अध्यक्ष अंजना बृजेश बंसल ने कहा कि ÷राष्ट्रीय ध्वज लगाना मेरी पहली प्राथमिकता है, ताकि आने वाली पीढ़ी में देशभक्ति की भावना और मजबूत हो।÷ इसी उद्देश्य से 4 जुलाई की देर शाम को अलोपी शंकर पहाड़ी पर ध्वजारोहण स्थल के लिए भूमि पूजन किया गया। कैलारस में एक बार पुनः राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए भूमि पूजन किया गया हैं। यह भूमि पूजन कैलारस की अलोपी शंकर पहाड़ी पर हुआ, आयोजित भूमिपूजन में लोगों को संबोधित करते हुए अंजना बंसल ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज लगाना मेरी प्राथमिकता में था। इससे पहले के कार्यकाल में वर्ष 2019 में पहली वार राष्ट्रीय ध्वज लगाया गया था। जिसपर विरोधियो ने राजनीती की मामला भी दर्ज करवाकर झंडे को हटवाया गया था। लेकिन यह मेरी प्राथमिकता में था। नगर अध्यक्ष अंजना बंसल ने कहा कि यह स्थान धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, और यहाँ राष्ट्रीय ध्वज स्थापित कर हम देश के गौरव को एक नई ऊंचाई देंगे। नगर परिषद द्वारा शीघ्र ही ध्वज स्तंभ का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा और स्वतंत्रता दिवस से पूर्व इसे आम जनता को समर्पित करने की योजना है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अंजना बंसल के साथ उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा अशोक राणावत, सीएमओ अशोक वाल्मीकि, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप भदौरिया, भाजपा नेता ब्रजेश बंसल, पार्षद बीरेंद्र सोलंकी, कल्लू कुशवाह, कल्ला राठौर, विनोद पलैया, रवी सिकरवार, कुलदीप गोयनर, निर्माण कंपनी के ठेकेदार सहित नगर परिषद के पार्षदगण सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने भूमि पूजन कर ध्वज स्थापना कार्य की शुरुआत की और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत इस पहल की सराहना की।

# झांसी स्टेशन पर महिला रेलवे कर्मचारियों की मदद से सुरक्षित प्रसव, जन्मी कन्या

**झांसी।** सेवा ही संकल्प÷ के नारे को एक बार फिर चरितार्थ करते हुए, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों और डॉक्टरों की त्वरित कार्रवाई से एक गर्भवती महिला ने एक स्वस्थ कन्या को जन्म दिया। यह घटना रेलवे की सजगता, मानवता और सेवा भाव का एक सराहनीय उदाहरण है। आज पनवेल से गोरखपुर जा रही गाड़ी संख्या 15066 (पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस) में यात्रा कर रही एक गर्भवती महिला यात्री को अचानक प्रसव पीड़ा हुई। महिला ने तुरंत रेल मदद ऐप के माध्यम से सहायता की सूचना दी, जिसके बाद झांसी कंट्रोल रूम तत्काल सक्रिय हो गया और चिकित्सकीय सहायता टीम को तैयार किया गया। जैसे ही ट्रेन वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन पर पहुंची, रेलवे मेडिकल टीम, रेलवे टिकट चेकिंग स्टाफ पाली प्रभारी पी.एन. सोनी, महिला टिकट कर्मचारी, उप स्टेशन अधीक्षक वाणिज्य मणि राय और स्टेशन पर उपस्थित एक आर्मी डॉक्टर ने तुरंत महिला यात्री को अटेंड किया। रेलवे की ओर से मौजूद डॉ. टीम और महिला चेकिंग स्टाफ ङ्क श्रीमती लिली कुशवाहा, राखी कुशवाहा, ज्योतिका साहू और कविता अग्रवाल ने अद्भुत समन्वय और सेवा भाव का परिचय देते हुए झांसी स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर ही महिला की सुरक्षित डिलीवरी करवाई। महिला ने एक स्वस्थ कन्या शिशु को जन्म दिया। इस दौरान श्रीमती लिली कुशवाहा ने बिना किसी हिचक के अपने वस्त्रों की परवाह किए बिना नवजात कन्या को सुरक्षित संभाला और माँ को सौंपा। इस कार्य में ऑन ड्यूटी कुली ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डिलीवरी के बाद महिला को प्राथमिक उपचार दिया गया और फिर एंबुलेंस के माध्यम से निकटवर्ती अस्पताल भेजा गया। महिला के पति ने रेलवे की इस तत्परता, मानवीयता और सहयोग के लिए समस्त स्टाफ को हृदय से धन्यवाद दिया। यह घटना भारतीय रेलवे के कर्मचारियों द्वारा दिखाए गए सेवा भाव और मानवीय संवेदना को दर्शाती है, जो निश्चय ही प्रेरणादायक है। यह जानकारी मनोज कुमार सिंह जनसंपर्क अधिकारी उत्तर मध्य रेलवे, झांसी मंडल द्वारा दी गई है ।



# मोहर्रम को लेकर कैलारस पुलिस ने कियाँ फ्लैग मार्च

**सभी त्योहारों को शाति सद्भावना एवं भाईचारे के साथ मनाए -रवि सोनेर**



**कैलारस,कासं.।** आगामी मोहर्रम सहित अन्य त्योहार को लेकर कैलारस पुलिस ने कियाँ फ्लैग मार्च एसडीओपी रवि सोनेर नायव तहसीलदार विश्राम सिंह बघेल, थाना प्रभारी वीरेश कुशवाह, उपनिरीक्षक संतोष गौतम, हिमांशु यादव, शुरेश चंद मिश्रा, सहित अन्य पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा वही फ्लैग मार्च एम एस रोड, जवाहर मार्ग, गांधी मार्ग , साठीया कुआ,सहित अन्य जगह होते हुए थाना पहुचे वही एसडीओपी रवि सोनेर नायव तहसीलदार विश्राम सिंह बघेल, थाना प्राभारी वीरेश कुशवाह ने लोगों से कहा कि आगामी मोहर्रम सहित अन्य त्योहारों को सभी लोग शांति सद्भावना एवं भाईचारे के साथ मनाए एव मोहर्रम के सभी जगह से एक साथ ताजियों को उठाएं वही ट्रैफिक व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें कि कहीं भी रास्ता अब्रद्ध ना हो जिससे कि लोगों को परेशानी न हो वही पुलिस फोर्स लगातार पेट्रोलिंग करते हुए आपके साथ रहेगी वही मोहर्रम से संबंधित की धुन बजा किसी भी प्रकार की भड़काऊ धुन न बजाए विसर्जन के दौरान छोटे बच्चों को नदी में न उतारे वही मोहर्रम के दिन ताजियों को विसर्जन करते समय ताजियों का विसर्जन कुआरी नदी पर सूर्यास्त से पहले करे वही ताजियों को शहर में निकलते समय लाइट के तारों का विशेष ध्यान रखें वहीं बिजली विभाग के कर्मचारी भी संयोग के लिए साथ में रहेंगे वही वही मोहर्रम के त्यौहार को लेकर कमेटी के लोगों ने बताया कि ताजिया 5 जुलाई को रात 10 जामा मस्जिद से शुरू होकर शहर में गस्त करते हुए पठान मोहल्ला पार्क के पास पहुंचेंगे वहां से वापस होते हैं शहर के मुख्य मार्गों से गस्त करते हुए 6 जुलाई को शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कुंवारी नदी पर विसर्जन किया जाएगा वहीं एसडीओपी रवि सोनेर, नायव तहसीदार विश्राम बघेल थाना प्राभारी वीरेश कुशवाहा संतोष गौतम हिमांशु यादव सुरेश चंद मिश्रा, प्रधान आरक्षक पंचम सिंह, महेश शर्मा, आरक्षक विष्णु जाट, शिवकुमार जाट, विकाश शर्मा, साकिर, धीर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# उप मुख्यमंत्री से मिले नेशनल चैम्पियनशिप विजेता आर्म रेसलर भाई-बहन रोहित और खुशी



**केरला के त्रिसुर में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप-2025 पंजा कुश्ती में रोहित ने 2 स्वर्ण और खुशी ने जीता 1 कांस्य**

**भोपाल कांस**

उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा से शनिवार को उनके निवास पर केरला के त्रिसुर में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप-2025 पंजा कुश्ती (आर्म रेसलिंग) में स्वर्ण पदक विजेता रोहित सिंह और उनकी बहन कांस्य पदक विजेता खुशी लहरिया ने भेंट की। नेशनल चैम्पियनशिप में रोहित सिंह ने 2 स्वर्ण पदक और खुशी लहरिया ने 1 कांस्य पदक जीता है। उप मुख्यमंत्री ने रोहित सिंह और खुशी लहरिया के पदक जीतने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने मध्यप्रदेश का नाम देश में रोशन किया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों में मध्यप्रदेश के साथ देश का नाम भी रोशन करें। भाई-बहन रोहित एवं खुशी के कोच विक्रम अवार्डी श्री मनीष कुमार के कुशल नेतृत्व एवं प्रशिक्षण से दोनों भाई-बहन ने बेहतर प्रदर्शन किया है। उनके माता-पिता ने बताया कि प्रशिक्षण एवं लगन की बल पर दोनों बच्चों ने स्वर्ण एवं कांस्य पदक जीता है।

## धर्म सनातन की ध्वजा लेकर देश को आगे बढ़ाने का हो रहा है कार्य

# ईश्वर की कृपा और संतों के आशीर्वाद से प्रदेश समृद्ध एवं खुशहाल : उप मुख्यमंत्री

**भोपाल कांस**

धर्म सनातन की ध्वजा लेकर देश को आगे बढ़ाने का कार्य हमारे देश के संत कर रहे हैं और ईश्वर की कृपा तथा संतों के आशीर्वाद से देश और प्रदेश समृद्ध एवं खुशहाल बन रहे हैं। उक्त विचार उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सागर में आयोजित संत श्री रविशंकर रावतपुरा सरकार के जन्मोत्सव कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस अवसर पर संत श्री रविशंकर जी महाराज, संत श्री आनंद ब्रह्मचारी, संत श्री रामलखन महाराज, संत श्री सुदर्शन दास जी, विधायक श्री प्रदीप लारिया, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हीरासिंह राजपूत, श्री श्याम तिवारी, श्रीमती रानी कुशवाहा, श्री गौरव सिरोठिया सहित बड़ी संख्या में संत समुदाय, जनप्रतिनिधि एवं भक्तगण उपस्थित थे।




उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि तन, मन और जीवन को समर्पित करने वाला व्यक्ति ही संत बन सकता है, और यही कार्य हमारे संत श्री रविशंकर महाराज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्म सनातन की ध्वजा लेकर देश और प्रदेश को समृद्ध बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि रावतपुरा सरकार का संकल्प है कि 11 सदाशिव शंकर जी की मूर्तियाँ स्थापित की जाएंगी, जिनमें से सागर में 75 फीट ऊँची सदाशिव की मूर्ति का लोकार्पण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तेरा तुझको अर्पण, मेरा क्या लागे की भावना की तर्ज पर ही सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि संतों की वाणी पर कोई तर्क नहीं किया जा सकता; उनकी वाणी को श्रद्धा से ग्रहण कर उसे आगे बढ़ाने का कार्य किया जाना चाहिए। रावतपुरा सरकार द्वारा देशभर में 200 स्थानों पर शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण की संस्थाएँ संचालित की जा रही हैं। शिक्षा की संस्थाएँ खोलकर गरीबों को शिक्षित करने का कार्य कर समाज को नई दिशा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में संत-महात्माओं का वास है, इसलिए हमारा प्रदेश सुखी और समृद्ध है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रावतपुरा सरकार ने हमें दो मंत्र दिए हैं, जिन पर मैं चल रहा हूँ। पहला, मंदिरों को बेहतर बनाएं और दूसरा यदि कोई व्यक्ति आपके समक्ष अपनी समस्या लेकर आए, तो उसका कार्य तत्काल करें। इससे हमें आत्मिक शांति मिलती है। ग्रामीण विकास मंत्री श्री पहलाद पटेल ने कहा कि आध्यात्मिक मार्ग, तपस्या और तप का मार्ग होता है, जिस पर चलना अत्यंत कठिन होता है। जो व्यक्ति इस मार्ग पर चलता है, वही महात्मा बनता है, क्योंकि तपस्या और तप से नई ऊर्जा प्राप्त होती है। इस ऊर्जा के सामने माया भी टिक नहीं पाती। उन्होंने बताया कि वर्ष 1990 में हम रावतपुरा सरकार के चरणों में पहुँचे और लगभग 10 से 11 वर्षों तक उनके आशीर्वाद और तपस्या का लाभ प्राप्त किया। उनकी तपस्या से मिली अनुशासन और ऊर्जा की सीख से आज मैं देश और प्रदेश की सेवा कर पा रहा हूँ। उन्होंने कहा कि मौन साधना भी एक बड़ी तपस्या होती है, और यह रावतपुरा सरकार में विद्यमान है।

# अमेरिका के बर्मिंघम में मुरैना के बेटे ने भारत का किया नाम रोशन



**मुरैना,नसं.।** जिले की अंबाह तहसील के ग्राम बारे का पुरा निवासी दीपक शर्मा इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस में पदस्थ है अमेरिका के अलबामा राज्य के बर्मिंघम शहर में जारी वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स-2025 में स्वर्ण पदक जीतकर मुरैना सहित सम्पूर्ण देशवासियों को गौरवान्वित किया है। पूरे परिवार में भी खुशी का माहौल है।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जी.(कर्षण वितरण) झाँसी के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन: (ई-टैन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्या :** झाँसी-टी.डी.-टेन्डर-2024-03R2

**कार्य का नाम :** झांसी मंडल के झांसी-कानपुर खण्ड में पी0एस0आई0 परिसंपत्तियो का व्यापक और निवारक रखरखाव का कार्य।

**अनुमानित लागत (रू.) :** 18657610.48 | **अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी (रू.) :** 243300.00

**निविदा बन्द होने की तिथि :** 30.07.2025 15:00 pm.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 25 माह

- निविदा दिनांक 30/07/2025 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1173/25(AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-टेन्डर नं0 पी0आर0वाई0जे0-सिग-404-2025-26 दिनांक : 03.07.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 31.07.2025 को 15:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है।

**निविदा संख्या :** पी0आर0वाई0जे0-सिग-404-2025-26

**अनुमानित मूल्य (रूपये में) :** Rs. 6294396.29/- बासठ लाख चौरानवे हजार तीन सौ छियानवे रुपए और उनतीस पैसा)

**कार्य का विवरण :** "प्रयागराज मण्डल के टूण्डला से कौरारा और ब्रांच लाइन सेक्शन में सेक्शनल सिगनलिंग रखरखाव का अनुबंध ।"

**निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशि (रूपये में)** 125900.00

**कार्य समापन की अवधि :** 12 माह | **निविदा बंद होने/खुलने की तिथि :** 31.07.2025

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता :** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे।

**बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूप :** निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इन्टरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा जमा की जाएगी। यदि निविदादाता धरोहर राशि उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी।

**निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थान :** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को 15:30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मंडल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन कार्य दिवस पर खोली जाएगी।

**निविदा की वैधता :** निविदा खुलने के 60 दिन तक

**निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकार :** रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 1169/25 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# पौधरोपण में वैज्ञानिक और टिकाऊ तकनीकों के उपयोग के लिए प्रशिक्षण

**भोपाल,कांस।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई एक बगिया मां के नाम परियोजना, गंगोत्री हरित योजना और नर्मदा परिक्रमा पथ जैसी योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने की दिशा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इन योजनाओं के तहत मनरेगा के माध्यम से प्रदेश में बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रदेश के 2101 इंजीनियर और 626 कृषि सखी को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण मध्यप्रदेश जल-भूमि प्रबंध संस्थान, भोपाल और क्षेत्रीय ग्रामीण विकास-पंचायतराज प्रशिक्षण केंद्रों में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पौधरोपण कार्य वैज्ञानिक और टिकाऊ तरीके से किया जाए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने निर्देश दिए हैं कि नदियों के उद्गम स्थलों पर पौधरोपण को प्राथमिकता दी जाए।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954